卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्यंय सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवहिं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 152 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦11 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## चुनावी बॉण्ड पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कल तक देनी होगी डिटेल



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। चुनावी बॉण्ड पर सुनवाई के दौरान भारतीय स्टेट बैंक को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को कल 12 मार्च तक ही पूरी डिटेल पेश करने का आदेश दिया है। इससे पहले सुनवाई के दौरान एसबीआई की तरफ से पेश हुए सीनियर वकील हरीश साल्वे ने जानकारी देने के लिए 30 जून तक का वक्त मांगा। सुनवाई के दौरान साल्वे ने कहा कि कोर्ट ने एसबीआई को बॉन्ड की खरीद की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं, जिसमें खरीदारों के साथ-साथ बॉन्ड की कीमत जैसी जानकारी शामिल है। साल्वे ने सुनवाई के दौरान कहा कि इसके अलावा राजनीतिक दलों का विवरण, पार्टियों को कितने बॉन्ड मिले यह जानकारी भी देना है, लेकिन समस्या यह है कि जानकारी को निकालने के लिए एक पूरी प्रक्रिया को उलटना पड़ेगा। एसओपी के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि बॉन्ड के खरीदार और बॉन्ड की जानकारी के बीच कोई संबंध ना रखा जाए। हमें यह बताया गया था कि इसे गुप्त रखना है। बॉन्ड खरीदने वाले का नाम और खरीदने की तारीख कोड की गई है, जिसे डिकोड करने में समय लगेगा। एसबीआई की याचिका (शेष पृष्ठ 7पर)

## बहन से मिलकर आ रहे भाई को ट्रक ने रौंदा, मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविवार रात्रि निटवर्ती ग्राम सम्पतपुर में अपनी बहन से मिलकर वापस लौट रहे युवक को मार्ग में गल्ला मंडी मोड पर पीछे से आ रहे



ट्रक के अज्ञात चालक ने रौद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार शिवनगर ट्रांजिट कैम्प निवासी 23 वर्षीय आकाश पुत्र प्रकाश गुप्ता किराये पर रह कर मजदूरी करता था। बताया जाता है कि वह कल निकटवर्ती ग्राम सम्पतपुर निवासी अपनी बहन लक्ष्मी से मिलने गया था। वापसी पर वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीएच 3606 पर सवार होकर लौट रहा था। मार्ग में मोटरसाईकिल खराब हो जाने के कारण वह बाईक को पैदल लेकर आ रहा था। जब वह (शेष पृष्ठ सात पर)

## पांचों सीटों पर होगी भाजपा की ऐतिहासिक जीतः निशंक



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी लोक सभा चुनाव में प्रदेश की सभी पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल करेंगे। देश के सभी कार्यकर्ताओं व युवा वर्ग ने भाजपा को 400 से ज्यादा सीटों पर जीत दिलाने का संकल्प ले लिया है। यह बात प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार के सांसद पूर्व केन्द्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के बाद जनपद हरिद्वार व ऊधमसिंहनगर को राज्य में शामिल न करने के लिए आन्दोलन किये गये थे। भाजपा सरकार ने दोनों जिलों के व्यापारियों व आम जनता के साथ विपक्षी लोगों से निरंतर वार्ता की। उन्हें दोनों जिलों को राज्य में शामिल करने के लाभ बताये। आज सभी लोग पूरी तरह से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार राज्य को उन्नति के शिखर तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इस कार्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। श्री निशंक ने कहा कि राज्य स्थापना से आज तक प्रदेश में कई मूलभूत परिवर्तन हुए हैं। जिसका अन्तर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जनपद उधमसिंहनगर में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मेडिकल कालेज, एम्स, उच्चशिक्षा का विस्तार, पर्वतीय क्षेत्रों को हेलीकोप्टर सेवा, 200 करोड़ की लागत से बनने वाली रिंग रोड़, सड़क व रेल मार्ग विस्तार आदि ऐसे विकास कार्य हैं जिसके लिए भाजपा सरकार ने जनता से वायदे किये थे वह पूरे किये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 2600 लोगों को निःशुल्क नजूल भूमि पर मालिकाना हक देकर उनकी दशकों पुरानी मांग को पूरा किया। अब शेष लोगों को औपचारिकता के बाद पट्टे दे दिये जायेंगें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व सहयोग से देवभूमि उत्तराखण्ड राज्य देश में एक मॉडल राज्य के रूप में पहचान बनायेगा। देश के सभी पर्वतीय राज्यों में उत्तराखण्ड राज्य विकास के क्षेत्र में नम्बर वन बन गया है। श्री निशंक ने कहा कि राज्य के सभी तीर्थ स्थलों के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

## महिला से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजार से सामान लेकर घर जा रही एक महिला को रास्ते में रोककर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले युवक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रीत विहार क्षेत्र की निवासी एक महिला ने रम्पुरा पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि 7 मार्च की रात करीब 8 बजे मां के साथ सामान लेकर घर जा रही थी। रास्ते में प्रीत विहार निवासी सतनाम सिंह ने उसका रास्ता रोक लिया और जबरदस्ती पकड़ कर कमरे में ले गया। उससे छेड़छाड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा। उसने दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने (शेष पृष्ठ सात पर)

## पांच निर्धन कन्याओं का धूमधाम से कराया विवाह

रामनगर (उद संवाददाता)। शहर की सामाजिक संस्था 1स्टेप एन वी प्राउड ने स्थानीय अग्रवाल सभा भवन में पांच निर्धन कन्याओं का विवाह धूमधाम से संपन्न



कराया। विवाह की सभी रस्में परंपरागत ढंग से निभाई गई। पांचों दूल्हे एक साथ गाजे बाजों सहित बारात लेकर अग्रवाल सभा में पहुंचे। यहां पर पांचों (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पूर्व सीएम निशंक ने व्यापारियों के साथ किया संवाद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने व्यापारी संवाद कार्यक्रम के तहत व्यापारियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने प्राथमिकता से निदान करेगी, क्योंकि भाजपा सरकार व्यापारियों की समस्याओं अहित नहीं होने दिया जाएगा।इससे पूर्व नगर निगम सभागार में पूर्व मुख्यमंत्री






सोमवार को नगर निगम सभागार पहुंचकर स्वर्गीय सुभाष चतुर्वेदी सभागार में आश्वास्त किया कि व्यापारियों की जो भी समस्याएं हैं उसका भाजपा सरकार को लेकर बेहद संवेदनशील है और व्यापारी वर्ग का किसी भी प्रकार से निशंक, क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा, जिला अध्यक्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

## खत्म हो रहा है 'कोटा', गर्मियों में रह सकता है बिजली का 'टोटा'

**मार्च में समाप्त हो रहा है केंद्र प्रदत्त बिजली का स्पेशल कोटा, यूपीसीएल ने केंद्र से किया 400 मेगावाट बिजली दिए जाने का निवेदन, दोबारा केंद्र की कृपा ना हुई तो सूबे में गहरा सकता है बिजली का संकट**

-अर्श-

रूद्रपुर। यदि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा उत्तराखंड पर विशेष मेहरबानी एक बार फिर ना की गई, तो राज्य वासियों के लिए इस बार की गर्मी बेहद दुखदाई हो सकती है। वह इसलिए ,क्योंकि उत्तराखंड को मिल रही केंद्र की विशेष बिजली सहायता की मियाद 31 मार्च को खत्म होने जा रही है और यदि केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखंड को बिजली का विशेष पैकेज ना दिया गया, तो आने वाली गर्मियों में बिजली की मांग और आपूर्ति के अंतर को पाटना यूपीसीएल के लिए मुश्किल हो जाएगा तथा उसे अघोषित बिजली कटौती के लिए मजबूर होना पड़ सकता है ।बताना होगा कि केंद्र ने पिछले साल मार्च में 350 मेगावाट बिजली राज्य को दी थी, जो वर्तमान में 150 मेगावाट ही मिल रही है। बड़ी मुश्किल तो यह है कि 31 मार्च को यह बिजली भी मिलनी बंद हो जाएगी, जबकि अप्रैल, मई और जून माह में प्रदेश में बिजली की मांग अपने चरम पर होती है ।लिहाजा आगामी समय में बिजली की कमी किसी विकराल समस्या का रूप न लेने पाए ,इसके दृष्टिगत उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अभी से हाथ पांव मारने चालू कर दिए हैं और यूपीसीएल ने दो साल के लिए 400 मेगावाट बिजली



का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है ।यद्यपि क्राइसिस मैनेजमेंट के लिए यूपीसीएल ने गैस आधारित बिजली के अलावा एनर्जी एक्सचेंज से भी तीन माह के लिए 100 मेगावाट बिजली खरीदी है, मगर केंद्र से बिजली की और मदद न मिलने की सूरत में भारी बिजली किल्लत हो सकती है जिसका नतीजा अघोषित बिजली कटौती के रूप में सामने आ सकता है ।वैसे यूपीसीएल ने दो साल के लिए गैस का भी इंतजाम किया है, जिससे जरूरत के हिसाब से 300 मेगावाट बिजली मिल सकती है, इसके अतिरिक्त यूपीसीएल ने एनर्जी एक्सचेंज से भी100 मेगावाट बिजली खरीदी है,जो 15 मार्च से आगामी तीन माह तक उपलब्ध रहेगी। बावजूद इसके यूपीसीएल कोई जोखिम लेने के लिए तैयार नहीं है और भीषण बिजली संकट से बचने के लिए निगम ने केंद्रीय कोटे या विशेष कोटे से 400 मेगावाट बिजली दोसाल के लिए मांगी है। जाहिर है कि अगर ये बिजली समय रहते नहीं मिली, तो आने वाला समय उत्तराखंड के बिजली उपभोक्ताओं के लिए काफी मुश्किल भरा हो सकता है। राहत की बात तो यह है कि हाल ही में हुई बारिश की वजह से बिजली की मांग में अपेक्षाकृत कमी आई है ,नहीं तो हालात अभी से ही चिंताजनक हो सकते थे ।ज्ञात हो कि हाल की बारिश के बाद एक ओर जहां बिजली की मांग 4.1 करोड़ यूनिट से घटकर 3.4 करोड़ यूनिट तक आ गई है, वहीं दूसरी ओर बिजली की उपलब्धता भी 2.7 करोड़ से बढ़कर 3.4 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई है ।

# 'रामभक्ति' से हरदा को भी मिल सकती है शक्ति!



## पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अयोध्या में किये रामलला और हनुमानगढ़ी के दर्शन, सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करने पर यूजर बोले,निष्काशित तो नहीं हो जाओगे ?

अयोध्या/देहरादून(उद ब्यूरो)। आगामी 2024 लोकसभा के चुनाव से सरगर्मियों के बीच उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने आज अयोध्या नगरी पहुंचकर श्री राम मंदिर में विराजमान रामलला के विग्रह का अलौकिक दर्शन कर सुख समृद्ध की प्रार्थाना की। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने फेसबुक पोस्ट में अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन करते हुए जय सिया राम जय श्री अयोध्या के जयघोष लिखकर अयोध्या धाम की कुछ तस्वीरें भी साझा की है। उन्होंने कहा कि आज प्रभु श्री राम की जन्मभूमि में बन रहे भव्य मंदिर में पहुंचकर रामलला के दिव्य दर्शन किये। प्रभु राम हमारे अराध्य देव हैं और हमेशा मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम चंद्र जी के अदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने आज अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन करने के बाद हरदा हनुमान गढ़ी पहुंचे। हनुमान गढ़ी पहुंचकर हरदा ने भगवान राम के परम भक्त हनुमान के दर्शन किए। फेसबुक पर कांग्रेस नेता हरीश रावत ने अयोध्या धाम और हनुमान गढ़ी की तस्वीरें साझा की है। तस्वीरें शेयर कर हरीश रावत ने कैप्शन लिखा कि आज मैं अयोध्या धाम में प्रभु श्री राजा राम चंद्र जी के दर्शन के बाद हनुमान गढ़ी में जाकर परम राम भक्त मंगलकारी हनुमान जी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सोशल मीडिया पर उनके समर्थकों ने उनकी तस्वीरों को पसंद किया है। इसके साथ ही एक यूजर ने कमेंट कर लिखा कि अरे सर ये क्या कर रहे हो, निष्काषित हो जाओगे। दूसरा यूजर लिखता है यूपी में अपना ही विरादरी भाई भूला दादू भी आप का ही जैसा सीएम भी है। मुलाकात तो बनती है। भले ही पक्ष विपक्ष हो सो चलता है। लेकिन अपनत्व अपनत्व होता है।आप तो वैसे पुराने लोग भी है। उत्तर प्रदेश की पुरानी यादें ताजा होने का भी मौका है। गौरतलब है कि गत 22 जनवरी को आयोजित हुए अयोध्या में बने राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस नेताओं को निमंत्रण पत्र देने को लेकर सियासी बयानबाजी का दौर तेज हो गया था। इतना ही नहीं भाजपा ने कांग्रेस को सनातन विरोधी बताकर निमंत्रण का अपमान करने का भी आरोप लगाकर वोटबैंक को साधने की कोशिश की थी। हांलाकि कांग्रेस के कई नेताओं ने श्री राम मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा का सियासी दांव बताकर पूरी तरह से किनारा कर लिया था। वहीं दूसरी तरफ सियासी गलियारों में हरदा की अयोध्या यात्रा को लेकर कयासों का दौर तेज हो गया है। राजनीतिक विष्लेशकों की माने तों कांग्रेस के खिलाफ भाजपा के सियासी प्रचार की काट को भुनाने में हरीश रावत कोई कसर नहीं छोड़ रहे हें। चुनावी समर में कूदने से पूर्व हिंदू वोटबैंक पर अपना प्रभाव छोड़ने के लिए पूर्व सीएम हरीश रावत ने रामभक्ति में रमकर विरोधियों को भी साधने का प्रयास किया हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस के कद्दवर नेता हरीश रावत ने हरिद्वार की आध्यात्मिक और सबसे सियासी हॉट से चुनावी ताल ठोकने के लिए पूरी तरह से मेकओवर कर चुके है। पूर्व सीएम हरीश रावत उत्तराखंड में लगातार सक्रियता से जनसमस्याओं के मुद्दों पर मुखर रहते है। राज्य में व्याप्त बेराजगारी, कानून व्यवस्था, महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा सहित बढ़ती महंगाई, युवाओं को रोजगार देने के साथ ही विकास योजनाओं के लिए भी सरकार को निशाने पर लेकर कई बार धरना प्रदर्शन कर मोर्चा भी खोल चुके है। उत्तराखंड में पांच लोकसभा की सीटों पर कांग्रेस अपने उम्मीदावारों के नामों का पैनल हाईकमान को भेज चुकी है। बहरहाल अब कांग्रेस हाईकमान इस लोकसभ चुनाव में हरीश रावत के सियासी मैनेजमेंट पर मुहर लगाती है या फिर नये चेहरे पर दाव दाव खेलेगी यह भी यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

# तो क्या कांग्रेस विधायकों पर खेलेगी सियासी दांव ?

## प्रीतम के घर पहुंचकर माहरा ने किया मंथन,आज लग सकती है सीटों पर मोहर

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस सोमवार को प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। नई दिल्ली में कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक में कई राज्यों की लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों को लेकर चर्चा होगी, जिसमें उत्तराखंड भी शामिल हैं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य भी शामिल होंगे। केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक में कांग्रेस ने 39 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उत्तराखंड की पांच सीटों पर प्रत्याशियों पर चर्चा होगी। माना जा रहा कि बैठक के बाद पार्टी प्रत्याशियों का एलान कर सकती है। इतना ही नहीं कांग्रेस के दावेदारों में कई विधायक भी ताल ठोक रहे हैं ऐसे में



माना जा रहा है कि कांग्रेस तीन सीटों पर अपने फायरब्रांड विधायकों पर भी दांव खेल सकती है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने रविवार को कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह के यमुना कालोनी आवास पर पहुंच कर चुनावी मुद्दों पर चर्चा की। लगभग पौन घंटे तक दोनों नेताओं के बीच चुनावी रणनीति और प्रत्याशियों को लेकर चर्चा हुई। कांग्रेस पार्टी टिहरी संसदीय क्षेत्र से प्रीतम सिंह को चुनाव लड़ाने के पक्ष में है, पर प्रीतम सिंह सार्वजनिक रूप से चुनाव न लड़ने की इच्छा जता चुके हैं।भाजपा टिहरी, नैनीताल और अल्मोड़ा सीट प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। भाजपा प्रत्याशियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क के लिए मोर्चा संभाल लिया है। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में पांचों सीटों पर 16 नाम तय किए गए। केंद्रीय चुनाव समिति भी इनमें से ही पांच नामों पर मुहर लगाएगी। पौड़ी गढ़वाल सीट से टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे मनीष खंडूड़ी ने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। अब इस सीट पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप और महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला दावेदारों में शामिल हैं, जबकि हरिद्वार से पूर्व सीएम हरीश रावत, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, हरक सिंह रावत और हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत के नाम चर्चा में हैं। टिहरी सीट से पार्टी के विध ायक प्रीतम सिंह सिंह, विक्रम सिंह नेगी, जोत सिंह गुनसोला, नवीन जोशी टिकट पर दावा कर रहे हैं। नैनीताल सीट पर विध ायक भुवन कापड़ी, दीपक बलूटिया, रणजीत सिंह रावत और अल्मोड़ा की आरक्षित सीट से में यशपाल आर्य व प्रदीप टम्टा के नाम की चर्चा है।

## नैनीताल सीट से कांग्रेस नेता भुवन कापड़ी, रंजीत रावत, गणेश के नामों पर मंथन

सितारगंज (उद संवाददाता)। नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी को लेकर हाइकमान में मंथन चल रहा है। इस सीट से मुख्यता खटीमा विधायक भुवन कापड़ी, रंजीत रावत और गणेश उपाध्याय के नामों की अंतिम सूची बना ली गई है। जिस पर जल्द ही लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा। नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा ने अजय भट्ट को प्रत्याशी घोषित किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद लोकसभा क्षेत्रों में अजय भट्ट एवं भाजपा पदाधिकारियों, समर्थकों ने चुनावी प्रचार तेज कर दिया है। कांग्रेस ने अभी तक लोकसभा प्रत्याशी घोषित नही किया है। नैनीताल सीट से लोकसभा प्रत्याशी को लेकर



पैनल में उधम सिंह नगर जिले के खटीमा, शांतिपुरी से विधायक भुवन कापड़ी, गणेश उपाध्याय और रंजीत रावत के नामों पर मंथन चल रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने बताया कि तीनों नामों में से एक प्रत्याशी पर स्थिति साफ कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशियों को लेकर 41 नाम आये थे। पूरे प्रदेश में अब 16 नामों में से लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा होनी है।

# मैं जो कहता हूँ वो करता हूँ: बेहड़

## सड़क के निर्माण हेतु 1.52 करोड़ रूपयें स्वीकृत कराये जाने पर जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा के रुद्रपुर वार्ड न०-1 फुलसुंगा में राज्य योजना के अंतर्गत वनखंडी फेस -2 तथा वनखंडी जनपथ मार्ग सडक के निर्माण हेतु 1.52 करोड़ नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 10 मार्च 2022 को में चुनाव जीता था आज पूरे 2 साल हो गए हैं, इन 2 सालों में मेरे द्वारा लगभग 2.5 करोड रुपए के विकास मेरी विधानसभा के इस साथ छोटी-छोटी सड़कें, श्मशान घाट, दो मंदिर में निर्माण कार्य, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी द्वारा,पार्क का सौन्दर्यीकरण, नालियों का निर्माण जैसे अनेक काम स्वीकृत किए जा चुके हैं।



रूपयें स्वीकृत कराये जाने पर वार्ड 01 के निवासियों ने विधायक तिलक राज बेहड का आभार जताते हुए फूल मलायें लादकर व ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बेहड़ ने वार्ड में जो की रूद्रपुर नगर निगम के अधीन आता है में कराए गए हैं । यहां पर नगर निगम से लोग वोट लेने तो आते हैं किंतु विकास नहीं करते हैं। मेरे द्वारा इस वार्ड में दो बड़ी सड़कों के मैं जो कहता हूं वह करता हूं मैं हमेशा लोगों को विकास के नाम पर जोड़ता हूं यहां पर जो पूर्व में जनप्रतिनिधि रहे हैं उन्होंने 10 साल में केवल वोट तो लिए लेकिन विकास नहीं कराया। पूर्व में मेरे द्वारा जब रुद्रपुर विधानसभा थी तभी मेरे द्वारा ही विकास यहां कराया गया था. अभी तो आपको 2 साल के तोहफे के रूप में विकास कार्य मिले हैं जैसा आप लोगों ने मेरा भव्य स्वागत किया है आने वाले 3 साल में आपको आश्वासन दिलाता हूं कि ऐसे ही भव्य विकास कार्य इस वार्ड में कराए जाएंगे। आगे प्रयास चल रहा है फुलसुंगी की सड़क जो सिडकुल को जाती है इसको चौड़ा व बढ़िया करके हाईवे के साथ जोड़ा जाये। इस मौके पर सुरेश गौरी,शिशुपाल सिंह,पूर्व प्रधान रणजीत सिंह,अनिल शर्मा,चंद्रदेव शर्मा,शारदानंद,दीवान राम,रविशंकर मिश्रा,विक्की,रोहित अरोरा,सोनू चोहान,अखिलेश मिश्रा,अखिलेश सिंह,गोपाल सिंह,अशोक सिंह,विनय कुमार,मोहन राम,हरिओम श्रीवास्तव, अशोक राय,बाबू लाल,संजय सिंह,राम सिंह,अशोक कुमार, हरजीत सिंह,जोगेंद्र सिंह,भोला सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## भावेश का नेशनल साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए चयन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 28 से 31 मार्च में पंचकूला हरियाणा में होने वाली माउन्टेन एमटीबी नेशनल साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 10 मार्च को छोटा कैलास अमृतपुर हल्द्वानी में लिया गया । जिसमे मास्टर भावेश का माउंटेन साइक्लिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। भावेश वर्तमान में व्हाईट हाल्स स्कूल मे पढ़ते है, उनकी उम्र मात्र 13 वर्ष है। भावेश साईक्लिंग का प्रशिक्षण कोच मनीष वर्मा से ले रहे हैं। भावेश का सपना है कि वह एक अच्छे साइक्लिस्ट बन के अपने राज्य और देश का नाम रोशन करें। भावेश के पिता इंद्र सिंह मेहरा व्यवसाय करते है और माता ग्रहणी है । भावेश को साइक्लिंग की प्रेरणा उनके पिता से मिली है उनके पिता भी स्वस्थ रहने के लिए साइक्लिंग करते हैं।भावेश ने



राज्य के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। राज्य से बाहर भी उन्होंने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है। वह हिमांचल के लाहौल स्पति मे हुई प्रतियोगिता में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। भावेश के कोच प्रतिदिन 80 किमी से 150 किमी तक अभ्यास कराते हैं।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# डा.आशुतोष पन्त बने रुद्रपुर के ब्रांड एंबेसडर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरणविद डॉ. आशुतोष पन्त को रुद्रपुर का ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किया गया है। कलाम भवन में



आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी उदय राज सिंह द्वारा डॉ. पंत को इस आशय का प्रमाण पत्र दिया गया। नगर निगम के आयुक्त नरेश दुर्गापाल द्वारा डॉ. पन्त द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों को देखते हुए उन्हें ब्रांड एम्बेसेडर बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। उल्लेखनीय है कि डॉ. आशुतोष पन्त पिछले वर्ष जिला आयुर्वेद अधिकारी, उधमसिंह नगर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। ये वर्ष 1988 से लगातार अपने स्वंय के वेतन से वृक्षारोपण करते आ रहे हैं। इनके द्वारा पिछले 35 सालों में अब तक चार लाख पांच हजार से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। इसके अलावा 10 मिनी फॉरेस्ट भी तैयार किए गए हैं। जिनमें से 2 रुद्रपुर शहर में हैं। जल संरक्षण के लिए छोटे छोटे जलाशयों का भी निर्माण किया जा रहा है। जिनमे से तीन उधमसिंह नगर जिले के बरा, मसीत, रामनगर वन में हैं। यह दायित्व देने के लिए डॉ पन्त द्वारा डीएम उदय राज सिंह और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल का धन्यवाद देते हुए इसे एक बड़ी जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि वह निःशुल्क अपनी सेवाएं देंगे और अपेक्षा से अधिक प्रयास करेंगे। नगर के 76 पार्कों के सौन्दर्यीकरण के लिए जल्द ही योजना बनाकर काम किया जाएगा। अवसर मिला और भूमि मिल पायी तो शहर में सिटी फॉरेस्ट तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम में सीडीओ, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर निगम की अधिशासी अधिकारी श्रीमती राजू नबीयाल और सभी जिलास्तर के अधिकारी भी मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-245817

# महिलाओं ने नाली निर्माण के लिए चुघ को सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नाली निर्माण की मांग को लेकर दर्जनों महिलाओं ने भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ को ज्ञापन सौंपा ।वार्ड नंबर 25 फाजलपुर मेहरौला की आनंद विहार कॉलोनी में निवासरत महिलाओं ने नगर निगम में भारत भूषण चुघ को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि नाली ना होने के कारण गंदा पानी घरों के आसपास एकत्र हो जाता है जिस कारण बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ चुका है और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ।उन्होंने कहा कि



आनंद विहार कॉलोनी में नाली का निर्माण कराया जाए ।वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ ने आश्वासत किया कि इस मामले में विधायक और आलाकमान को अवगत कराया जाएगा और मोहल्ले में नाली का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा । ज्ञापन देने वालों में रीना सिंह, मीनू सिंह, सुमन देवी, रेखा, रुक्मणी, राजकुमारी, शिशुपाल, लेखराज, नेहा, प्रीता सिंह ,नरेंद्र, श्याम राज कोली शिवकुमार शिववु आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त होने पर खंड शिक्षाधिकारी को दी विदाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में खंड शिक्षाधिकारी भास्करानंद पांडे की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा कुम्हार के कार्यों की तरह बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं। उनसे हमारा जुड़ाव हो जाता है। हर सरकारी कर्मी के जीवन में यह क्षण आता है। विदाई समारोह में कार्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कमलेश्वर



भास्करानंद पांडे को फूल माला, उपहार व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में यह क्षण बड़ा ही दुखदायी होता है। खास कर शिक्षण कार्य का एक विशेष योगदान होता है, जिसमें हम प्रसाद जोशी,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुधाकर दुबे,प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार मित्तल,प्रधान सहायक प्रकाश चंद शर्मा,आनंद बोरा, वरिष्ठ सहायक पीयूष कांत एवं रवि विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्वीप टीम ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। स्वीप टीम हल्द्वानी ने बनभूलपुरा क्षेत्र के तथाकथित मलिक का बगीचा, गफूर बस्ती, ढोलक बस्ती और नई बस्ती शिव गोपाल मंदिर क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ सुरेश भट्ट और मोनिका चौधरी ने मतदाताओं से आगामी चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक की भागीदारी मतदान से ही होती है। अत: हर मतदाता को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर मतदाताओं ने शपथ ली कि वे लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर मताधिकार का प्रयोग करेंगे। स्वीप टीम ने मतदाता पहचान पत्र बनाने, नाम हटाने एवं संशोधन की जानकारी भी दी। इस अवसर पर महबूबा आलम, नईम, नियाज बानो, मंसूर अली सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# पुलिस ने आठ वारंटियों को किया गिरफ्तार

बाजपुर (उद संवाददाता)। सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस ने लम्बे समय से वांछित चल रहे आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर जिले भर में वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस ने वांछित चल रहे रामावतार पुत्र पूरन सिंह निवासी शिवनगर वार्ड नंबर 1 सुल्तानपुर पट्टी , राहुल पुत्र हरकेश निवासी शिवनगर वार्ड नंबर 1 सुल्तानपुर पट्टी , विकास उर्फ भोले पुत्र सिसवाल निवासी शिवनगर वार्ड नंबर 1 सुल्तानपुर पट्टी , विशाल पुत्र शीशपाल निवासी



शिवनगर वार्ड नंबर 1 सुल्तानपुर पट्टी , अर्जुन पुत्र हरकेश निवासी वार्ड नंबर 1 शिव नगर सुल्तानपुर पट्टी , रोहित अवतार पुत्र राम अवतार निवासी शिवनगर वार्ड नंबर 1 सुल्तानपुर पट्टी , राजाराम पुत्र ओमप्रकाश निवासी रामजीवनपुर बाजपुर , देवेंद्र कुमार शर्मा पुत्र कालू शर्मा निवासी नयागांव तगावाला आदि को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी अर्जुन गिरी, उप निरीक्षक बिशन लाल, हेड कांस्टेबल प्रेम सिंह, कांस्टेबल हरेंद्र धामी,कांस्टेबल ललित कन्याल,कांस्टेबल जरनैल सिंह, कांस्टेबल समीर चौहान आदि शामिल थे।

# दिवंगत राजरानी सुधा को सैकड़ो लोगों ने दी श्रद्धांजलि

गदरपुर(उद संवाददाता)। एडवोकेट मदन लाल सुधा,पंजाबी महासभा अध्यक्ष कृष्ण लाल सुधा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक दीपक सुधा की माता



जी श्रीमति राजरानी का आकस्मिक निधन होने की सूचना पर तमाम लोगों द्वारा उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की गई । रविवार दोपहर को मुखाग्नि देने के उपरांत अंतिम संस्कार मुक्तिधाम गदरपुर में किया गया।नेत्रदान महादान संकल्प को पूर्ण करने के लिए उनके पुत्रों द्वारा मुरादाबाद आई बैंक की टीम को सूचित किया । परंतु माता जी के नेत्रों का कोर्णिया कमजोर होने के कारण उनके नेत्रदान के संकल्प को पूरा नहीं किया जा सका। परंतु उनके परिवार द्वारा किए गए नेत्रदान के संकल्प की सभी के द्वारा सराहना की गई।

# सड़क हादसे में श्रमिक की मौत

खटीमा। चकरपुर स्थित वनखंडी महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि मेला देखने पैदल जा रहे तीन श्रमिकों को एक वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें एक श्रमिक की मौत हो गई। इस हादसे में दो अन्य श्रमिक और अनियंत्रित वाहन चालक भी घायल हो गया। एक घायल को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।चंदोली, वाराणसी, यूपी निवासी विकास (24) पुत्र रामजन चंपावत जिले की सीमा पर बन रहे जोगबूड़ा पुल में मजदूरी करता था। रविवार दोपहर को वह अपने गांव के ही अखिलेश और संदीप चंद्र के साथ मेले में पैदल जा रहा था। तभी बेकाबू टाटा मैजिक वाहन ने तीनों को टक्कर मार दी। साथ ही वाहन अनियंत्रित होकर झाड़ी में घुसने से बनबसा निवासी वाहन चालक अजय कुमार भी घायल हो गया।108 एंबुलेंस से चारों घायलों को खटीमा उप जिला अस्पताल लाया गया जहां विकास को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अखिलेश को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस के अनुसार घायल संदीप और वाहन चालक अजय का उप जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक व घायल श्रमिकों के परिजनों को सूचना भेज दी गई है।

# किशोरी का अपहरण करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

नैनीताल। कोतवाली पुलिस ने रविवार को किशोरी को लेकर फरार युवक को खैरना स्थित रानीखेत पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक के साथ किशोरी को भी सकुशल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार रानीखेत निवासी एक महिला ने शनिवार को अपनी नाबालिग बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। कहा कि बेटी के शिवरात्रि के दिन गुप्तेश्वर मंदिर खैरना जाने की बात कहकर निकली थी लेकिन घर वापस नहीं आई। शनिवार को परिजनों ने बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार को किशोरी को खैरना स्थित रानीखेत पुल के पास से संजय निवासी रानीखेत के साथ बरामद किया। पुलिस दोनों को कोतवाली लेकर आई। युवक के खिलाफ धारा 363/366/376 और पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल हरपाल सिंह का कहना है कि पूछताछ में किशोरी ने युवक पर दिल्ली ले जाने का आरोप लगाया है। किशोरी को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आरोपी को सोमवार को न्यायालय पेश किया जाएगा।

# उप जिला चिकित्सालय में मारपीट पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सितारगंज (उद संवाददाता)।नानकमत्ता क्षेत्र से सितारगंज के सरकारी अस्पताल में मारपीट के बाद पहुंचे महिला समेत तीन लोगों को दूसरे पक्ष ने पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नानकमत्ता के ग्राम नगला निवासी राजेंद्र सिंह पुत्रउ सुरैन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि पांच मार्च को सुखविंदर सिंह, बूटा सिंह पुत्र मोफर सिंह, सुखदेव सिंह पुत्र चरन सिंह, गुरमेल सिंह पुत्र चरन सिंह ने उसके जीजा के घर में धावा बोलकर मारपीट की। वह जीजा जगदेव सिंह, बहन मंजीत कौर, भांजे सर्वजीत सिंह निवासी ग्राम टुकड़ी को इलाज के लिए उप जिला चिकित्सालय लाया। तभी सितारगंज के सरकारी अस्पताल पहुंचे सुखविंदर सिंह, बूटा सिंह सुखदेव सिंह, गुरमेल सिंह निवासी टुकड़ी ने सरकारी अस्पताल में उसके जीजा, बहन व भांजे को बुरी तरह मारा पीटा। हमले में उसके भांजे के गंभीर चोटें लगी। पुलिस ने मामले में धारा 323, 325, 504, 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# नई तकनीक से किसान बनेंगे आत्मनिर्भर : कोश्यारी

## पूर्व राज्यपाल ने पंतनगर में आयोजित 115वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का किया उद्घाटन





पंतनगर(उद संवाददाता)। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने रविवार को विवि परिसर में आयोजित 115वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों को ऋषि की संज्ञा देते हुए कहा कि ऋषि यानि वैज्ञानिक के बिना कृषि संभव नहीं है। कोश्यारी ने वैज्ञानिकों दूरगामी सोच रखकर नई तकनीकें विकसित करने का आह्वान किया, जिससे किसानों का पलायन रोका जा सके। साथ ही किसानों का उपज का उचित मूल्य देने के लिए जीआई टैगिंग पर ध्यान देने को कहा।रविवार को गांधी हाल में आयोजित मुख्य उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कोश्यारी ने कहा कि देश की आजादी के बाद आधी से ज्यादा आबादी गरीबी रेखा से नीचे थी। मध्यकाल में ऐसा समय भी आया था, जिसमें खाने के लिए अमेरिका का सड़ा गेहूं (पीएल 480) उपयोग में लाया जाता था। विवि के वैज्ञानिकों और किसान के अथक प्रयासों से विवि में नई हरितक्रांति का जन्म हुआ, जिसने भूखमरी को खत्म किया। किसान और विज्ञान दोनों के सहयोग से आज हमारा देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर ही नहीं, बल्कि विभिन्न देशों में भी खाद्यान्न का निर्यात कर रहा है। उन्होंने विवि के वैज्ञानिकों को जैविक और प्राकृतिक खेती की दिशा में कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि विवि के वैज्ञानिकों को शिक्षण कार्य से ऊपर सोच रखनी पड़ेगी, ताकि विवि को विश्वविख्यात बनाया जा सके।कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विवि किसानों को 540 से ज्यादा उन्नत प्रजातियों के बीज उपलब्ध करा रहा है। विवि के पिछले किसान मेले में लगभग एक करोड़ का बीज बेचा गया था। इससे पहले निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मेले में लगभग 375 बड़े व छोटे स्टाल लगाए गए है। उद्घाटन के बाद कुलपति ने कोश्यारी को मेले में उद्यान प्रदर्शनी और विवि के महाविद्यालयों के स्टॉलों पर लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन कराया। वहां पर निदेशक शोध डॉ. एएस नैन, कुलसचिव, निदेशक, अधिष्ठाता, संकाय सदस्य, किसान, विद्यार्थी, वैज्ञानिक, शिक्षक, अधिकारी और विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में पूर्व राज्यपाल कोश्यारी, कुलपति डॉ. चौहान और अन्य अतिथियों ने उत्तराखंड के विभिन्न जिलों के कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से चयनित (कृषिकरण में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले) नौ प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न इकाइयों के वैज्ञानिकों की ओर से लिखित कृषि साहित्यों का विमोचन भी किया गया।






# रूद्रपुर पहुंचने पर पूर्व सीएम निशंक का किया जोरदार स्वागत




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के रूद्रपुर पहुंचने पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ, लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल और सुशील गावा आदि ने अंग वस्त्र पहनाकर व बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री निशंक ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 400 पार का नारा दिया है जो कार्यकर्ताओं के बूते साकार होगा। भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि प्रत्येक यूथ प्रत्येक बूथ की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार है और इस बार फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति भावनात्मक रूप से पीएम मोदी से जुड़ा हुआ है और भाजपा की रीति को आत्मसात कर रहा है।उन्होंने कहा की उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीट भाजपा की झोली में जाएगी। भाजपा सर्व समाज की पार्टी है और समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के साथ भाजपा आगे बढ़ रही है और इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड की पांचो सीट जीतकर केंद्र में तीसरी बार भाजपा अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव में जी जान से जुट जाएं। इस दौरान विधायक से शिव अरोड़ा, विवेक सक्सेना, हितेंद्र त्रिपाठी, राज कोली, शिवकुमार शिब्बू, रामकिशन आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू में बेटियों ने जीते पदक





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि) की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में तृतीय नि:शुल्क जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अथिति जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला सभा के अध्यक्ष चेतन धीर, मैनेजर शेखर सक्सेना, वसीम खान, गुरविंदर सिंह द्वारा सयुंक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत भूषण ने कहा कि चाहे खेल कूद हो या अंतरिक्ष विज्ञान, हमारे देश की महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। वे आगे बढ़ रही हैं और अपने क्षेत्र, राज्य व देश का गौरव बढ़ा रही हैं। जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के द्वारा महासचिव ऋषि पाल भारती की अगुवाई में महिलाओं व बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं सजक बनने के उद्देश्य को लेकर लगातार तीन वर्षो से नि:शुल्क जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना मील का पत्थर साबित होंगी। चेतन धीर ने कहा कि बालिकाओं को किसी भी स्तर पर घबराने की जरूरत नहीं है। आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं, ताकि वह परिवार की जिम्मेदारी भी संभालने में पीछे न रह सके।महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे जनपद से 127 बालिकाओ ने प्रतिभाग किया, जिसमें ज्यादातर बालिकाएं रानी लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण ले रही है। जिन्होंने विभिन्न आयु वर्गों की फाइटिंग स्पर्धा में जोहर दिखाते हुए कई पदक जीते। जिसमें जोया, अनुराधा, अनन्या, नंदिनी सिंह, कशिश सागर, सुहाना, अनम, दिव्या कोरंगा, अपर्णा, साक्षी पंत, तनु, गुरशीन कौर, खुशबू, सोनम कोली, मन्ताशा ने स्वर्ण पदक, रानी, आशा, स्वस्ति भट्ट, पूजा कौर, आस्था राय, स्नेहा, अंशप्रीत कौर, नंदिनी, प्रभजोत कौर, नंदिनी सागर, अनामिका, अनम, रश्मि, रंजना पंत, प्रीति ने रजत पदक एवं जोया, मधु गंगवार, पलक पाल, शिवानी सागर, भूमिका, चांदनी यादव, अर्चना सिंह, सोनाक्षी, प्रियंका, राधा मौर्या, अनुष्का, प्रियंका पाल, नेहा मौर्य, आसिया, सुहानी, गुलनाज, सोनपरी, पूजा, रिया, जीया, चंचल, भावना आर्य, काजल ने कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए एशियन खिलाड़ी कमल सिंह के नेतृत्व में निष्पक्ष निर्णायक मंडल भूमिका में शामिल जय प्रकाश, प्रिया विश्वास, आकृति कौर एवं ऑफिशियल रुनु शर्मा, लवली विश्वकर्मा, लोरी, शिवानी सहित सभी को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर के मुख्य अतिथि जिला दिव्यांग प्रकोष्ठ भाजपा के अध्यक्ष शंकर सिंह बसेरा ने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए बालकों को संबोधित करते हुए कहा कि सेल्फ डिफेंस का अर्थ है कि खुद की रक्षा करना न कि किसी को हानि पहुंचाना। महिलाओं को सेल्फ डिफेंस बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पदक प्राप्त करने पर जु-जित्सू कोच हैप्पी सिंह की टीम ने प्रथम स्थान, जु-जित्सू कोच प्रिया विश्वास की टीम ने द्वितीय स्थान एवं जु-जित्सू कोच शिवानी व लोरी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि शंकर सिंह बसेरा एवं समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को पदक पहनाकर व प्रमाण पत्र एवं विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के पदाधिकारीगण जॉनी हिराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, हिमा भट्ट, कैनाथ लाल, वसीम खान, विक्रम भंडारी, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र कुमार, गंगा मेहरा, राजीव राना, सुखदेव सिंह, कृष्ण साना सहित अन्य अभिभावक लोग मौजूद रहे।

# सीनियर मिनी गोल्फ में उत्तरांखड की टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 9 वी सीनियर महिला एवम पुरुष मिनी गोल्फ चौंपियनशिप 2023- 24 का आयोजन 3 मार्च से 6 मार्च 2024 तक जिला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मानपुर, नागपुर,महाराष्ट्र में कराया गया। इसमें उत्तराखंड के महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पुरुष वर्ग में उत्तराखंड की टीम द्वितीय तथा महिला वर्ग में उत्तराखंड की टीम तृतीय स्थान पर रही। मिनी गोल्फ एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के अध्यक्ष सीनियर एडवोकेट डीके. शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड की महिला एवं पुरुष टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया। उत्तराखंड टीम के चीफ डे मिशन डॉक्टर नागेंद्र शर्मा क्रीड़ा अधिकारी कुमाऊं विश्वविद्यालय ने बताया कि उत्तराखंड की पुरुष एवं महिला वर्ग की टीम में स्टॉक एवं नॉक आउट फियरवे दोनों चौम्पियनशिप में प्रतिभाग किया। स्ट्रोक मैच में पुरुष वर्ग स्ट्रोक डबल इवेंट में मयंक सुंदरियाल एवम संजय भट्ट ने स्वर्ण पदक तथा टीम इवेंट में अभय बिष्ट, पवन सिंह बिष्ट, सुनील, दीपक अधिकारी, तेजस्वी कुमार, तुषार भंडारी ने रजत पदक तथा सिंगल इवेंट में मनदीप सिंह ने कांस्य पदक एवम मिक्स डबल इवेंट में योगेश पांडेय एवम वैशाली पांडेय ने कांस्य पदक प्राप्त किया।महिला वर्ग स्ट्रोक टीम इवेंट में प्रगति दुमका, अंजलि गंगवार, कशिश शर्मा, कंचन रौतेला, भावना पांडे, स्वेता भाकुनी ने स्वर्ण पदक तथा डबल इवेंट में दिया महर एवं दिया उप्रेती ने रजत पदक तथा सिंगल इवेंट में कामिनी ने कांस्य पदक अर्जित किया। नॉक आउट फेयरवे मैच में पुरुष वर्ग टीम इवेंट में योगेश पांडे, मयंक सुंदरियाल, संजय भट्ट, सुमित मेहता, चेतन भट्ट, मनदीप सिंह ने कांस्य पदक एवं सिंगल इवेंट में सुनील ने कांस्य पदक अर्जित किया। महिला टीम इवेंट में दिया महर, दिया उप्रेती, वैशाली पांडे, सुषमा मेहरा, कामिनी, मनजोत कौर ने कांस्य पदक अर्जित किए। उत्तराखंड की मिनी गोल्फ महिला एवं पुरुष टीम ने कुल दो स्वर्ण दो रजत एवं छह कांस्य पदक अर्जित किए। उक्त टीम के मैनेजर अंकुश रौतेला, लक्ष्मी काला और जया पांडेय रही। डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया इस महिला एवं पुरुष मिनी गोल्फ चौंपियनशिप में कुमाऊं विश्वविद्यालय के 17 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत ने समस्त खिलाड़ियों एवम उनके प्रशिक्षको और क्रीडा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा को बधाई देते हुए कहा अगले सप्ताह सभी विश्वविद्यालय के पदक विजेता खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय नैनीताल बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। उक्त उपलब्धि पर कुलसचिव दिनेश चंद्रा, दुर्गेश डिमरी, वित्त नियंत्रक अनीता आर्य, डॉ.संजीव आर्य, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा, प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. ललित तिवारी, सुरेश चंद्र पांडेय, डॉ. डीके सिंह, प्रो. डीडी जोशी, प्रो. डीसी पंत, प्रो. एनएस बनकोटी, प्रो. वीके अग्रवाल, प्रो. शुभाष वर्मा, प्रो. एमसी पाण्डे, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. सुरेन्द्र नेगी, डॉ. सुदर्शन कुमार, भूपेश दुमका, नगर आयुक्त नरेश दुर्गपाल, सहायक खेल निर्देशक संजीव पौरी, सहायक खेल निर्देशक रसिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरिश कुमार, जेबी सिंह, अपजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, भारत भूषण चुघ, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, कैलाश कोठारी, विजेंद्र चौधरी, सुखेंद्र पाल, राजीव चौधरी, योगेश जोशी सहित अनेकों खेल संगठन बधाई दी। ज्ञात रहे कि उत्तराखंड मिनी गोल्फ पुरुष एवं महिला वर्ग की टीम ने 37 व राष्ट्रीय खेलों गोवा में एक स्वर्ण पदक एवं दो कांस्य पदक प्राप्त कर नाम रोशन किया था।

# बाईक रैली के साथ भाजपा प्रत्याशी भट्ट का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल लोकसभा से पुन: सांसद प्रत्याशी बनने के बाद पहली बार हल्द्वानी पहुंचे केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट का भव्य स्वागत हुआ। भाजयुमो द्वारा बाइक रैली के साथ श्री भट्ट के स्वागत में रोड शो निकाला गया। जिसमें विभिन्न स्थानों पर पार्टी का कार्यकर्ताओं और लोगों ने फूलमालाओं और पुष्प वर्षा से केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट का जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम हुआ। इससे पूर्व दाबका पुल के पास पहुंचे श्री भट्ट के काफिले का कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके पश्चात बैल पड़ाव, कालाढूंगी, आम्रपाली कॉलेज के पास गुरुद्वारे में और लामाचौड चौराहे सहित पार्टी पदाधिकारी ने भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात श्री भट्ट हल्द्वानी ब्लॉक के पास पहुंचे जहां पर उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इसके पश्चात कुसुमखेड़ा और मुखानी से श्री भट्ट का रोड शो के साथ भव्य स्वागत हुआ। युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई बाइक रैली के साथ श्री भट्ट का रोड शो शहीद चंद्रशेखर मिश्रा पार्क नैनीताल रोड जजी तक पहुंचा। जहां पर श्री अजय भट्ट ने कार्यकर्ताओं व जनता का आभार जताया और कहा कि विगत 5 वर्षों में उनके द्वारा जनता के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को सदन के माध्यम से उठाकर समाधान किया गया हैं। इसके साथ ही कई योजनाओं को धरातल में उतारने का काम हुआ। आगे भी जनता के प्रेम व स्नेह से इसी तरह दिन- रात जन सेवा में जुटे रहेंगे। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारी व स्थानीय जनता द्वारा किए गए स्वागत पर आभार जताते हुए कहा कि वह निरंतर क्षेत्र की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। हर कार्यकर्ता के कामों को सहज और जनता के कामों के प्रति समर्पित भाव से लगातार पूर्ण करने के प्रयास करूंगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, कुमाऊं प्रभारी चंदन बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, अल्पसंख्यक आयोग के मजहर नईम नवाब, पूर्व प्रदेश मंडी अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, रंजन बर्गली, प्रताप सिंह तापी ,प्रताप बौरा, लाखन निगल्टिया, भुवन भट्ट, प्रतिभा जोशी, हरिमोहन अरोड़ा, विनीत अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़, धीरज पाण्डे, विक्रम जंतवाल, जोंगा मैहरा, सचिन साह, महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बौरा, अलका जीना, भावना भट्ट, सुमन करगेती, चंदन बिष्ट, दीपक सनवाल आदि मौजूद रहे।



# सट्टेबाजों के विरुद्ध कार्यवाही जारी, एक और सटोरिया दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव चौकी पुलिस द्वारा सट्टेबाजों के खिलाफ अभियान जारी रहा। गत सायं पुलिस ने चौकिंग के दौरान खाईबाडी कर रहे एक सट्टेबाज की हजारों की नगदी व सट्टा पर्ची आदि सामान के साथ दबोच लिया। जानकारी के अनुसार उमेश कुमार मलिक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में दिनेश चंद्र जोशी प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव व पुलिस टीम कानि० संतोष सिंह व भूपाल सिंह द्वारा मंगलपड़ाव क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाने के लिए चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम द्वारा मंगलपड़ाव क्षेत्रांतर्गत स्थित रिक्शा स्टैंड के पास से सट्टे की खाईबाडी करते हुए एक सट्टेबाज को दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता विशाल गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता निवासी राजपुरा निकट शिव मंदिर, हल्द्वानी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 3,430 रुपए, सट्टा पर्ची, पैन आदि सामान बरामद किया गया। पुलिस ने विशाल के खिलाफ 13 जुआ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# खाली बाल्टियों के साथ जल संस्थान के विरुद्ध प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर के आस की निवासी महिलाओं ने खाली बाल्टियों के साथ पूर्व पार्षद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में इंदिरा नगर मुख्य सड़क पर खड़े होकर पेयजल की समस्या को लेकर जल संस्थान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। रोषित महिलाओं का कहना था कि यहां काफी समय से पेयजल की समस्या बनी हुई है पर जल संस्थान समस्या के समाधान के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी जल संस्थान का कोई अधिकारी या कर्मचारी उनके क्षेत्र में नहीं आता। लोग रात को जागकर पानी का इंतजार करते हैं। पर उनको पानी नहीं मिलता।इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर व सबरी मस्जिद के आसपास महीनो से पेयजल का पानी नहीं आ रहा है।पूर्व पार्षद शकील अहमद ने कहा कि कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को पानी न आने की शिकायत कर चुके हैं। इस बार के तहसील दिवस में भी लिखित सूचना देने के बाद भी अधिकारियों ने यहां की पानी की समस्या का हल नहीं किया।सलमानी ने कहा कि दो-तीन दिन में पानी की समस्या का हल ना किया गया तो जनता को साथ लेकर जल संस्थान में पहुंचकर अधिकारियों का घेराव करेंगे।उन्होंने कहा इस क्षेत्र में लगभग 100 परिवार निवास करते हैं। सभी के घरों में पीने का पानी नहीं आ रहा है। यहां के मंदिर मस्जिद व विद्यालयों में पानी न आने के कारण आम जनता में जल संस्थान के विरुद्ध गुस्सा है। इस अवसर पर श्रीमती छोटी, श्रीमती विमला देवी, श्रीमती नसीम बानो,श्रीमती आशिया,श्रीमती कमर जहां,श्रीमती मुनीफा श्रीमती यासमीन सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने जल संस्थान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।



# जन सम्मेलन में मजदूरों के साथ अन्याय के खिलाफ उठी आवाज

सितारगंज(उद संवाददाता)। अवैध तरीके से बंद जॉयडस कंपनी के ठेका मजदूरों ने कंपनी की अवैध बंदी खोलने की मांग को लेकर रामलीला ग्राउंड जन सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष हरीश दुबे ने कहा कि पूर्व में सरकारों ने विकास का सपना देखते हुए रुद्रपुर, हरिद्वार, सितारगंज में सिडकुल की स्थापना की थी जिससे यहां बहुत से लोगो को रोजगार मिला। परन्तु वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियो के कारण उद्योग लगातार बंद हो रहो हैं। हजारों मजदूरों का रोजगार छीन जाने से आर्थिक स्थिति बदत्तर हो चुकी है। पूंजीपतियो की मनमानी के आगे भाजपा सरकार झुकी हुई है। इसलिए जायडस कंपनी की बंदी अवैध घोषित होने के बावजूद भाजपा सरकार ने अभी तक न तो कंपनी खुलवाई है और ना ही मजदूरों को जायज कानूनी हक दिए हैं। हरीश दुबे ने जाइडस के मजदूरों से आव्हान किया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जब भी भाजपा कार्यकर्ता वोट मांगने के लिए आए तो उनसे कहना पहले मजदूरों की मांगे पूरी करो उसके बाद वोट मांगो। अन्यथा हम मजदूर विरोधी भाजपा सरकार को वोट नही करेंगे। इस दौरान ट्रेड यूनियन एक्टू के प्रदेश महामंत्री के के बोरा ने कहा कि भाजपा सरकार में मजदूरों का शोषण चरम पर है। शोषण को और बढ़ाने और पूंजीपतियो की मनमानी के लिए केंद्र सरकार मजदूरपक्षीय 44 श्रम कानूनों को खत्म करने और मजदूर विरोधी 4 नए श्रम कोड बनाने की ओर बढ़ गई है। 4 नए श्रम कोड लागू होने के बाद मजदूर को न्याय के रास्ते बंद हो जाएंगे। सिडकुल सितारगंज में अवैध तरीके से बंद की गई जायडस कंपनी के मालिक ने अवैध तरीके से कम्पनी बंद कर दी जिससे 1200 मजदूर बेरोजगार हो गए। सालों से काम कर रहे ठेका मजदूर अवैध बंदी के कारण मुआवजा पाने के अधिकारी हैं। लेकिन सरकार पूंजीपतियों के पक्ष में खड़ी है और कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। सिडकुल कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन के संयोजक नरेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य सरकार के समक्ष कई बार मांग उठाने के बावजूद कंपनी कि ना तो अवैध बंदी खोली गई है और ना ही ठेका मजदूरों को कोई न्याय मिला है। कम्पनी मालिक द्वारा की गई बंदी को शासन द्वारा अवैध घोषित किया जा चुका है, लिहाजा सभी श्रमिक वेतन पाने के अधिकारी हैं। श्रम विभाग व राज्य सरकार हम मजदूरों की नही सुन रही है और न्याय देने में विफल रही है। मजदूर यूनियन की नेता अनिता अन्ना ने कहा कि करने हम मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है। सरकार जायडस के 1000 ठेका मजदूरों को न्याय नहीं दिला पाई है। लेकिन बड़ी बड़ी बाते कर रही है। हम सरकार से मांग करते है कि सरकार फिर से कम्पनी खुलवाए, बंदी से अभी तक का वेतन मजदूरों को दे या फिर बंदी मुआवजा दे। भाकपा(माले) के जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बावजूद सरकार हजारो मजदूरों के खिलाफ खड़ी है। इसलिए उन्हें अभी तक न्याय नही मिला है। सरकार मजदूरों की कोई सुध नहीं ले रही है। लोकसभा चुनाव सामने हैं और भाजपा के लोग बिना मजदूरों को न्याय दिए वोट मांग रहे हैं। बेशर्मी की बात है कि सरकार बिना जनता को न्याय दिए जीतने का दवा को। रही है। उन्होंने कहा कि न्याय दिलाने की लड़ाई में हमारी पार्टी भाकपा (माले) हमेशा मजदूरों के साथ खड़ी रहेगी। इस दौरान अनिता देवी, सूरज भंडारी, तन्नू, रेशमा अहमद, मो.राशिद, धर्मानंद जोशी, प्रताप सिंह, मनोज रस्तोगी, सोहैल, रोहित, मंजीत सिंह, राजेंद्र कुमार, तुलसी राम , विवेक यादव, उमेश सिंह, कन्हैया लाल, भजनलाल, रजनीश कुमार पाठक, आशिक अंसारी,सूरज सिंह भंडारी, ओमकार सिंह, मृणाल मंडल, आनंद मिस्त्री, राजकिशोर, बबली, नंदी देवी, सनी राना, सुखेन्द्र सिंह, पारस , किशन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



# डा.उषा नरेंद्र जैन को मिला उत्तराखंड नारी गौरव सम्मान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज सेविका डा. उषा नरेन्द्र जैन को वीनस होटल में आयोजित कार्यक्रम में आयोजित सम्मान समारोह में उत्तराखण्ड नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई अन्य महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।समारोह की अध्यक्षता रामपुर विधायक आकाश सक्सेना व रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ने की उन्होंने सभी सम्मानित होने वाली सभी महिलाओ को प्रस्तति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि उषा नरेंद्र जैन पिछले लंबे समय से महिला सशक्तिकरण विशेष पर काम करते हुए आ रही हैं विशेषकर बेटी- बचाओ बेटी- पढ़ाओ कन्या भ्रूण हत्या ,लिंग भेद,महिला स्वास्थ्य एवं आर्थिक विकास पर लगातार वह काम कर रही हैं। इसके लिए वह जगह-जगह गोष्ठियों, सेमिनार ,डिजिटल और फिजिकल मीटिंग करती हैं साथ ही स्कूलों में जाकर बेटियों को आज के समय में किस तरीके से अपने समय को मैनेज करना है,कैसे हमने अपने जीवन का लक्ष्य बनाकर चलना है,कैसे हमने सोशल मीडिया का यूज करना है, खुद की सुरक्षा के लिए, किस तरह से हमने अपने आपको सतर्क रखना है इन सब चीजों के लिए लगातार काम कर रही है। उसके अलावा व्यसन मुक्ति ,जल बिजली बचत,स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण पर उनका जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलता रहता है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# रोजगार के अवसर

पिछले कुछ वर्षो के दौरान अनेक परेशानियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले काफी बेहतर रही है। जिसे देख कर कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने प्रधान मंत्री की विकासपरक नीतियों की सराहना की है। परंतु वास्तव में आर्थिक विकास दर ऊंची रहने के बावजूद कुछ क्षेत्रों का प्रदर्शन अपेक्षित रूप से उत्साहजनक नजर नहीं आ रहा है। सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन भी जनवरी माह की तुलना में फरवरी में सुस्त दिखाई दिया। इसकी वजह कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी बताई जा रही है। हालांकि कहा जा रहा है कि जब सूचकांक पचास से नीचे आ जाता है, तब चिंता की बात मानी जाती है। फरवरी में सेवा क्षेत्र का सूचकांक 60.6 दर्ज हुआ। इस क्षेत्र में अभी मजबूती की संभावनाएं जताई जा रही हैं। दरअसल, सेवा क्षेत्र का जीडीपी में योगदान महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इसलिए कि इस क्षेत्र में बैंकिंग, बीमा, दूरसंचार, आतिथ्य, पर्यटन आदि से जुड़ी गतिविधियां शामिल होती हैं। इस क्षेत्र में राजस्व और रोजगार के अवसर भी अधिक होते हैं। इसमें ताजा सुस्ती की बड़ी वजह मांग में आई कमी बताई जा रही है, हालांकि विदेश से कारोबार को संतोषजनक माना जा रहा है। फिर भी इससे अर्थव्यवस्था के कुछ असंगत पहलू रेखांकित होते हैं। एक तरफ तो राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सर्वेक्षण में बेरोजगारी दर घट कर 3.1 फीसद पर पहुंचने का आंकड़ा सामने आया है, दूसरी तरफ सेवा क्षेत्र में सुस्ती के पीछे नौकरियों की कमी को बताया जा रहा है। यह उजागर तथ्य है कि सेवा क्षेत्र में नरमी रहने का सीधा असर रोजगार पर पड़ता है। कंपनियां अपना घाटा पूरा करने के लिए छंटनी की प्रक्रिया अपनाने लगती हैं। फिर उद्योग क्षेत्र का प्रदर्शन भी चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में उत्साहजनक नहीं देखा गया। कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन निराशाजनक बना हुआ है। सेवा क्षेत्र के बल पर विकास दर ऊपर का रुख बनाए हुई है। अगर उसमें भी सुस्ती बनी रही, तो इसे उत्साहजनक नहीं कहा जा सकता। जब केवल कुछ क्षेत्रों के बल पर विकास दर ऊंची दर्ज होती है, तो उसमें थोड़ा-सा भी असंतुलन खतरनाक साबित होता है। इसीलिए भारतीय रिजर्व बैंक ने अभी बाजार में संतुलन बनाए रखने के लिए बैंक दरों के मामले में अपने हाथ रोक रखे हैं। मगर सेवा क्षेत्र के डगमगाने से एक बार फिर रेखांकित हुआ है कि संतुलित विकास दर के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। सरकार ने मंदी के दौरान उद्योगों द्वारा की जाने वाली कर्मियों की छंटनी को गंभीरता से लिया है। क्योंकि इससे उद्योगों का विकास प्रभावित होता हैं। वहीं देश की विकास दर भी कम हो जाती हैं ।

# भारत जिनके लिए राष्ट्र नहीं, उनका अखंडता से क्या वास्ता?

राजनेताओं के पास जब विचारों और तार्किक जवाबों का टोटा होता है तो वे अनर्गल बयान देने लग जाते हैं। ऐसा ही बेहूदा बयान द्रमुक सांसद ए राजा का आया है। उनका कहना है कि भारत कोई देश ही नहीं है, वह एक उपमहाद्वीप है। देश यानी राष्ट्र का अर्थ होता है एक भाषा, एक संस्कृति और एक परंपरा हो, तब उसे देश कहा जाता है। राजा ने यह बयान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के जन्मदिन पर कोयम्बटूर में आयोजित समारोह में दिया है। उन्होंने कहा, 'तमिलनाडू में एक भाषा, एक संस्कृति है, अर्थात यह एक देश है। मलयालम एक भाषा है, उनका एक राष्ट्र है। ओडिशा एक देश है, क्योंकि वहां एक भाषा है। केरल में एक अलग, दिल्ली में एक अलग भाषा और संस्कृति है। ये सारे देश मिलकर भारत को बनाते हैं। इसलिए भारत एक देश नहीं, बल्कि एक उपमहाद्वीप है।' राजा क्षेत्रवाद और अलगाववाद की दुर्भावना तक ही सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने कहा श्रीराम का जो नारा लगाते हैं, वह मूर्ख हैं और हम भारत को माता के रूप में कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यह केवल भाषा और क्षेत्रवाद के आधार पर क्षेत्रीय जनता को न केवल उकसाने वाला बयान था, बल्कि अपने ही देश के बहुभाषी लोगों के बीच नफरत के बीज बोने वाला बयान भी था। इसके पहले भी ए राजा ने विवादित बयान देते हुए 6 सितंबर 2023 को चेन्नई में सनातन धर्म की तुलना एचआईवी एड्स के विषाणु से कर दी थी। कुछ इसी तर्ज पर स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से कर दी थी। चूंकि औपनिवेशिक मानसिकता अंग्रेजी हुकूमत की देन थी, गोया, अपने ही देश की अखंडता को सत्ता के लालची नेता विभाजित दृष्टि से देखते रहे है। चीन और रूस से आयातित वैचारिकता के वामपंथी इस राष्ट्रघाती धारणा का पोषण करते हैं। अर्बन नक्सलवाद इन्हीं लोगों की देन हैं। जबकि ये सांसद और मंत्री संविधान की शपथ लेते हुए भारत राष्ट्र की संप्रभुता एवं अखंडता को सुरक्षित रखने का संकल्प लेते हैं। ये नेता भलि-भांति जानते हैं कि भारतीय संविधान किसी को यह अनुमति नहीं देता कि वे किसी धर्म का अपमान या आलोचना करें। दुष्प्रचार के ऐसे प्रयास एक बड़े सनातनी समूह की आस्था को आहत करने वाले है। हाल ही में सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने उदयनिधि स्टालिन को तीखी फटकार लगाई है। उन्होंने सनातनियों को डेंगू, मलेरिया और कोरोना जैसे बीमारियों से खत्म हो जाने की बात कही थी। न्यायालय ने कहा कि 'आप कोई आम आदमी नहीं है, बल्कि एक मंत्री हैं। अतएव आपके बयान के परिणाम क्या हो सकते हैं, इसका अंदाजा भी आपको नहीं होगा। यह अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग है।' याद रहे ए राजा सांसद भर नहीं है, वे मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री भी रहे हैं। टूजी घोटाले के लिए उन्हें जिम्मेबार माना गया है। इस घोटाले ने राजा का बंटाधार तो किया ही, कांग्रेस की भी लुटिया डुबोने का काम कर दिया था। राजा और स्टालिन जैसे लोग सोच रहे होंगे कि विवादित बयान देकर लोकसभा चुनाव में बढ़त हासिल हो जाएगी ? यह उनका भ्रम तो हो सकता है, लेकिन सच्चाई नहीं। कांग्रेस की स्थिति 2014 और 2019 से कहीं ज्यादा खराब 2024 में दिखाई दे रही है। इसका एक बड़ा कारण अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को ठुकराना है। कांग्रेस और आइएनडीआइए के घटक दल के नेताओं ने इस कथित बयान को राजा का निजी विचार बताकर किनारा जरूर कर लिया है, लेकिन उन्हें सोचने की जरूरत है कि जो नेता भारत को एक राष्ट्र के रूप में ही नहीं देखता, उनके दल के साथ इंडिया गठबंधन का क्या औचित्य रह जाता है। तमिलनाडू देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां के शीर्ष नेता स्टालिन जैसे तानाशाह के नाम को अपने नाम के साथ जोड़कर गौरवान्वित होते हैं और चीनी भाषा मंदारिन में बर्थडे विष करते हैं। यही नहीं 28 फरवरी 2024 को प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडू में इसरो के दूसरे रॉकेट लॉन्च पैड की नींव रखी थी, इसी दिन राज्य सरकार की पशुपालन मंत्री अनीता राधाकृष्णन ने स्थानीय अखबारों में एक विज्ञापन देकर रॉकेट पर भारत की जगह चीन का झण्डा लगाया था। हालांकि बाद में जब विवाद बढ़ा तब अनीता ने अपनी गलती को छोटी सी भूल मानते हुए स्वीकार किया। यानी इन लोगों को चीन की प्रभुता तो स्वीकार है, लेकिन राष्ट्र की संप्रभुता को नकारने से बाज नहीं आते ? भारत आक्रांता मुगलों के आने के बहुत पहले से भारत के रूप में एक राष्ट्र है। हमारी संस्कृति और परंपराएं सनातन हैं। तय है, इसी सनातन हिंदू, संस्कृति और सभ्यता की परिणति में भारतीय राष्ट्र का रूप-वैचित्र्य और रस-गांभीर्य मिला, जो आज भी विद्यमान हैं। भगवान राम ने इसी सांस्कृतिक एकरूपता को बनाए रखने की दृष्टि से उत्तर से दक्षिण भारत की यात्रा कर उन सब विरोधी व विधर्मी शक्तियों का खात्मा किया, जो भारत राष्ट्र को नियंत्रण में लेना चाहती थीं या राजा अथवा स्टालिन की तरह विष-वमन करके क्षेत्र और भाषा के आधार पर अलगाववाद का बीजारोपण कर रहे थे। इसी दृष्टि से भगवान कृष्ण ने पश्चिम से पूरब की यात्रा कर सनातन संस्कृति व धर्म के वैभव को सुदूर पूर्वोत्तर क्षेत्र तक विस्तृत किया। इसलिए हमारे राष्ट्र की अवधारणा वह नहीं है, जो पश्चिमी लोग 'उपनिवेश' के पर्याय के रूप में हम पर थोपते रहे हैं। अतएव हम 'राष्ट्र' शब्द का अर्थ अंग्रेजी भाषा के शब्द 'नेशन' से नहीं समझ सकते ? जैसे कि हम 'धर्म' शब्द को अंग्रेजी के शब्द रिलीजन से नहीं समझ पा रहे हैं। दरअसल 'राष्ट्र' शब्द संस्कृत के अलावा किसी अन्य भाषा में उस अर्थ में नहीं है, जो हमारे व्याकरण से निकले शब्द-रूप में प्रस्तुत है। 'राष्ट्र' का संधि-विग्रह 'राज' और 'त्र' का अर्थ है। 'राज' का अर्थ है प्रकाशित होना और 'त्र' का अर्थ है 'रक्षण करना'। अर्थात जो प्रकाशित हो रहा है और उसकी रक्षा भी हो रही है, वह 'राष्ट्र' है। ऋषि-मनीषियों ने इस स्वभाव वाले राष्ट्र का नाम रखा 'भारत' जो एक तरह से राष्ट्र के ही अर्थ का पर्यायवाची है। अर्थात 'भा' का अर्थ है 'प्रकाश' यानी जहां प्रकाश में यानी ज्ञान की साधना में निरंतर लगे रहने वाले लोग दुनिया में मिलते हैं, वही भारत है। 'रत' यानी 'सतत' या 'साधना' में लगे रहने वाले लोगों की जो सनातन परंपरा है, वह भारत की विलक्षणता है और यही भारत राष्ट्र है। संविधान का भी मूलभाव यही है। प्राचीन भारत की इसी आवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चारों दिशाओं में विस्तृरित कर रहे हैं। याद रहे तमिनलाडू-केरल हों, या जम्मू-कश्मीर या फिर बंगाल-ओडिशा सब जगह ऋषि-मनिशियों और तत्व चिंतकों द्वारा गढ़ी गईं वे ब्रह्मा, विष्णु, महेश और राम-कृष्ण की वे ईशवरीय अस्थाएं हैं, जो लोगों के सांस्कृतिक आचार-विचार एवं रीति-रीवाज को आज भी एकरूपता में ढाले हुए है। आज भी भारतीय जीवन की मुख्यधारा राज्य द्वारा बनाए गए कानूनों की तुलना में इन आस्थाओं से अधिक अनुशासित रहते हुए संचालित है। भारत इसी अनुरूप भारत बना रहे, इस हेतु ऐसी नीतियां आवश्यक हैं, जो इसके संस्कार में एकरूपता का संचार करती रहें। जिससे सत्ता के लालच में नेता कहीं इस देश की अखंडता व सम्प्रभुता को पलीता न लगा दें ?

**- प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

# कोटद्वार में सीएम ने लाभार्थियों को सौंपे चेक

कोटद्वार। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार में आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह में प्रतिभाग करते हुए पशुपालन विभाग, बाल विकास परियोजना पौड़ी, उद्यान विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, समाज कल्याण और नगर निगम के 43 लाभार्थियों को लाभार्थी चेक वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कोटद्वार स्थित गब्बर सिंह कैंप के पास पुल निर्माण कराने की घोषणा की। कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने रोड शो में भी प्रतिभाग किया। जिसमें लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में लगातार कार्य कर रही है। हम समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए कृत संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगभग 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास योजना का लाभ दिया जा चुका हैं। उन्होंने कहा कि बाबा सिद्धबली की कृपा से हम प्रदेश के लिए आगे भी बेहतर काम करते रहेंगे तथा अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का और विकास कार्यों का लाभ पहुंचाते रहेंगे। पहले प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का अभाव था, लेकिन अब हमने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने का कार्य किया है। राज्य में देश के सबसे कठोर नकल विरोधी कानून बनने के बाद पारदर्शिता के साथ ही अब समयबद्ध तरीके से परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। यही नहीं राज्यहित में समान नागरिक सहित धर्मांतरण को रोकने, लैंड जिहाद को रोकने जैसे सख्त कानून बनाने का हमने निर्णय लिया है। हल्द्वानी की हिंसा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ।भार्थी सम्मान समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत, क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, लैंसडौन विधायक दिलीप रावत, यशाकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट, पौड़ी लोकसभा प्रभारी पुष्कर काला, प्रदेश प्रवक्ता एवम लोकसभा सहप्रभारी हेमंत द्विवेदी, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत समेत सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।





# विषपान से महिला की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बनभूलपुरा क्षेत्र में एक महिला ने संदिग्ध हालात में विषैला पदार्थ निगल लिया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत को लेकर मायके वालों ने मोर्चरी पर हंगामा काटा। उन्होंने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम हुआ। नायब तहसीलदार युगल किशोर ने बताया कि बनभूलपुरा थाना क्षेत्र की चौधरी कॉलोनी वार्ड नंबर 59 निवासी अनुज गुप्ता की शादी पांच साल पहले हेमा गुप्ता से हुई थी। बीती सात मार्च को उसने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ निगल लिया। शनिवार को निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया। साथ ही बनभूलपुरा पुलिस से शिकायत भी की। एसओ बनभूलपुरा ने बताया कि मायके वालों ने मौखिक शिकायत की है। तहरीर मिलने पर पुलिस मुकदमा दर्ज करेगी। उधर, रविवार को मजिस्ट्रेट युगल किशोर की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

रामनगर(उद संवाददाता)।भारतीय समाज की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 127 वीं जयंती पर सावित्रीबाई फुले सांयकालीन स्कूल पटरानी में विभिन्न कार्यक्रम का हुआ



आयोजन,जिसमे रचनात्मक शिक्षक मंडल पटरानी में बच्चों के लिए एक संयकालिन स्कूल और बालिकाओं के लिए निशुल्क कंप्यूटर सेंटर चलाता है।।शुरुआत सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।उसके बाद विद्यालय की संचालिका रेखा बाराकोटी ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से जीया जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वे एक कवियत्री भी थीं उन्हें मराठी की आदिकवियत्री के रूप में भी जाना जाता था। वे स्कूल जाती थीं, तो विरोधी लोग उनपर पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फेंक देते थे। आज से 191 साल पहले बालिकाओं के लिये जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था तब ऐसा होता था। सावित्रीबाई पूरे देश की महानायिका हैं। हर बिरादरी और धर्म के लिये उन्होंने काम किया। जब सावित्रीबाई कन्याओं को पढ़ाने के लिए जाती थीं तो रास्ते में लोग उन पर गंदगी, कीचड़, गोबर, विष्ठा तक फेंका करते थे। अपने पथ पर चलते रहने की प्रेरणा बहुत अच्छे से देती हैं।जब फुले दंपत्ति को उच्चवर्गीय, वर्णीय समाज के दबाव में घर से निकाल दिया गया तो उस्मान शेख और उनकी बहन फातिमा शेख ने ही उनको न केवल शरण दी बल्कि उनके अभियान को आगे बढ़ाने में सहायता भी की।इस मौके पर स्कूल के बच्चों के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी हुईं।बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी। प्रस्तुत किए। रचनात्मक शिक्षक मंडल के राज्य संयोजक नवेंदु मठपाल द्वारा बच्चों को पुरुस्कृत किया।

# कांडा को पृथक विकास खंड बनाने की मांग तेज

कांडा(उद संवाददाता)। कांडा कमस्यारघाटी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को विकास खंड के लिए को 70 किमी दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता हैं। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों ने कांडा को ब्लाक बनाए जाने की मांग तेज कर दी है। कांडा को पृथक विकासखंड बनाने को लेकर क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर ब्लाक की मांग को लेकर आंदोलन और आगामी लोकसभा चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दे दी है। ब्लाक संघर्ष समिति के अध्यक्ष एड. गोविंद सिंह भंडारी की अध्यक्षता में कांडा में बैठक हुई।जिसके बाद क्षेत्रवार ब्लाक गठन को लेकर रायसुमारी और आंदोलन कोमजबूती प्रदान करने के लिए सभी जनमानस के सहयोग की अपील की।वही 15 मार्च को कांडा में हुंकार रैली निकालकर आंदोलन का हुंकार भरने और पृथक विकासखंड हेतू भूमिका तैयार करने का संकल्प लिया गया। कांडा पृथक विकासखंड की मांग को लेकर खातीगांव में ब्लॉक संघर्ष समिति की बैठक अवकाश प्राप्त कृषि अधिकारी पंचम सिंह डिगारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें कांडा विकासखंड को हर हाल में गठित करने के लिए हर हद होगी पार। लोकसभा चुनाव के बाद हुंकार रैली निकाली जाएगी। बैठक का संचालन सतीश उप्रेती ने किया।इस मौके पर एडदिवान सिंह धपोला, मनोहर सिंह रावत, सोहन सिंह रावत , अध्यक्ष गोविंद सिंह भंडारी, आलम मेहरा, दरपान सिंह धपोला, गोकुल रावत,सतीश उप्रेती, सचिव सुरेश सिंह रावत,प्रयाग सिंह भंडारी, केदार सिंह धपोला, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गैड़ा,दीपक रौतेला हरीश डसीला, भवान सिंह धपोला, शेखर रावत, मदन मोहन रावत, सुनील रावत,राजेंद्र सिंह धामी, महेश राठौर, पंकज भंडारी,गोकुल नगरकोटी जगदीश सिंह बोरा ,भगवती प्रसाद मनोज राठौर, हयात सिंह रावत, प्रताप सिंह राठौर,सोहन सिंह भंडारी, बंशीधर कांडपाल हीराबलल्लभ जोशी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



# सितारगंज में 127398 वोटर करेंगे मतदान, पांच किन्नर भी बनेंगे वोटर

सितारगंज (उद संवाददाता)। लोकसभा चुनाव में इस बार सितारगंज विधानसभा क्षेत्र से 127398 मतदाता वोटिंग करेंगे। जिनमें महिला, पुरुष जेंडर के साथ थर्ड जेंडर पांच किन्नर भी शामिल है। इसके अलावा नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में 142 पोलिंग बूथों का एआरओ डा. अमृता सिंह, निर्वाचन आयोग के सम्बद्ध अधिकारी जगमोहन त्रिपाठी ने समस्त बूथों का निरीक्षण कर उड़न दस्ता, निगरानी दल, आइटी सेल, वीडियो निगरानी सेल, अवलोकन टीम के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर अधीनस्थ अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर प्रशासनिक तंत्र तैयारियां पूर्ण करने में जुटा हुआ है। सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में संभावित 127398 मतदाता मतदान करेंगे। जिनमें 66387 पुरुष, 61005 महिला




मतदाता और करीब पांच किन्नर मतदाता भाजपा, कांग्रेस दलीय, निर्दलीय प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इधर नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र खटीमा के भौगोलिक क्षेत्र से भी जुड़ा हुआ है। यहां नानकमत्ता में 70, खटीमा के भौगोलिक क्षेत्र में 72 पोलिंग बूथ है। नानकमत्ता क्षेत्र की एआरओ डा. अमृता सिंह ने बताया कि समस्त बूथों का निरीक्षणर्ा कया गया है। जिसमें संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथ शामिल है। क्षेत्र 13 सेक्टर, दो जोन में बांटा गया है। समस्त जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, थानाध्यक्षों, उड़नदस्ता, निगरानी दल, अवलोकन टीम आदि के साथ मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। इस मौके पर निर्वाचन आयोग के सम्बद्ध अधिकारी जगमोहन त्रिपाठी मौजूद रहे।

# नई नजूल नीति लागूः फ्रीहोल्ड कराने पर मिलेगी लोगों को राहत

रुद्रपुर। शासन ने दिसंबर 2023 को खत्म हुई नजूल नीति को लागू कर दिया है। शासन ने नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड कराने पर नगर निकाय, जिपं और विकास प्राधिकरणों की ओर जमा की जाने वाली धनराशि को 30 फीसदी कम कर दिया है। आंकड़ों के अनुसार रुद्रपुर, रामनगर, हरिद्वार, देहरादून सहित कुछ अन्य जगहों पर 392 हेक्टेयर से अधिक नजूल भूमि है। नजूल की जमीन पर बड़ी संख्या में आबादी के साथ ही बाजार बसे हुए हैं। निकाय चुनावों में नजूल का मुद्दा बेहद प्रभावी रहता आया है। रामनगर, रुद्रपुर सहित अन्य जगहों पर नजूल पर काबिज होने की वजह से मेयर, पार्षद, सभासदों पर कार्यवाही भी हुई है। कई नेताओं के अरमान भी नजूल की वजह से पूरे नहीं हो सके थे। पूर्व की सरकारों ने नजूल भूमि को हल करने की कोशिश की लेकिन कई तकनीकी दिक्कतों के चलते नजूल का मुद्दा बरकरार रहा। धामी सरकार ने 11 दिसंबर 2021 को नजूल नीति को एक साल के लिए लागू किया था। इसके बाद नजूल नीति की अवधि को 10 दिसंबर 2023 तक बढ़ा दिया गया था। इसके बाद समय सीमा खत्म होने की वजह से नजूल नीति अप्रभावी हो गई थी। इसके चलते नजूल भूमि पर फ्रीहोल्ड और आवंटन प्रक्रिया पर रोक लग गई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नजूल नीति को प्रभावी किया गया है। अपर मुख्य सचिव ने सभी मंडलायुक्त, डीएम, विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्ष को इसका शासनादेश भी भेज दिया है। इसी नजूल नीति के चलते गरीबों को पट्टा आवंटन हो सका है। नई नजूल नीति में विकास प्राधिकरण, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत के पक्ष में नजूल भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर नियमानुसार प्रचलित सर्किल दर पर भूमि मूल्य निर्धारण का पांच फीसदी की धनराशि राज्य कोषागार में जमा कराई जा सकेगी। पहले यह धनराशि 35 फीसदी थी। यह भी कहा गया है कि नजूल भूमि प्रबंधन, व्यवस्थापन, एवं निस्तारण अधिनियम 2021 के प्रख्यापन के बाद उसके अंतर्गत नियमावली प्रख्यापित नहीं हो जाती, तब तक यह नजूल नीति प्रभावी रहेगी। डीएम उदयराज सिंह ने बताया कि नजूल नीति को प्रभावी किया जा चुका है। इसका आदेश भी पूर्व में प्राप्त हो चुका है।

# शातिर युवती और दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज

किच्छा। पुलिस में तैनात दारोगा एक सोशल मीडिया से एक शातिर युवती के झांसे में आ गया। अपराध के दलदल में गई इस युवती के खिलाफ फर्जीवाड़े के जब केस दर्ज हुए तो पुलिस कर्मी की आंखें खुलीं। अदालत के आदेश पर पुलभट्टा थाने में युवती और दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।थाना पुलभट्टा के गांव अजीतपुर निवासी खेमेन्द्र गंगवार ने अदालत में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह हरिद्वार पुलिस में तैनात है। 2017 में सोशल मीडिया से उसकी पहचान अर्चना सिंह निवासी ग्राम कटाई थाना लालगंज जिला मिर्जापुर यूपी से हुई थी। उसने अपने आपको दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित बैंक में जबकि अपने पिता को एनटीपीसी में डिप्टी डायरेक्टर बताया था।इसी दौरान उसने अर्चना से शादी की बात कही तो वह टालती रही। बताया कि मार्च 2021 में अर्चना को हिमाचल पुलिस ने थाना बोटीवाला जिला बद्दी से आईटी एक्ट में गिरफ्तार किया तब उसे उसकी असलियत का पता चला। यह भी पता चला कि वह शातिर है और अपने प्रेमी और अन्य साथियों के साथ हिमाचल में फर्जी डिग्री और मार्कशीट बनाती है। एक साल तक वह सोलन जेल में भी बंद रही। अर्चना के भाई ने बताया कि उसकी 12 वर्ष पूर्व शादी हो गई थी जिसे घर वालों ने अलग कर दिया था।अर्चना का इलाहबाद युवक और दून निवासी बस कंडक्टर से भी प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसे उसने पिता बताया था वह उसका दोस्त है। अब वह मुझसे शादी कर पूर्व में किए अपराध से बचना चाहती है। उसका एक मुंह बोला भाई मुझे धमकी दे रहा है। उस पर गुजराज, एमपी, महाराष्ट्र, दिल्ली में धोखाधड़ी और जबरदस्ती वसूली के केस चल रहे हैं। अक्तूबर 2023 में अक्षय उर्फ दक्ष अग्रवाल ने फोन पर धमकी देकर 10 लाख रुपये मांगे और नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने अर्चना, अक्षय अग्रवाल, सौरभ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया तीन परियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास

देहरादून। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को उत्तराखंड में 15 करोड़ से अधिक की तीन परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा, सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं उनके जीवन स्तर में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा, विकास योजनाओं से इन वर्गों के लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए काम किया जा रहा है। समाज में व्याप्त सामाजिक एवं आर्थिक असमानता को दूर कर इन्हें भी समाज के सामान्य वर्ग की बराबरी के स्तर पर लाया जा रहा है। उनके विधानसभा क्षेत्र में बौद्ध समुदाय के अनेक संस्थान हैं। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव एल फैनई, निदेशक राजेंद्र कुमार, उप सचिव हीरा सिंह बसेड़ा, जिला समाज कल्याण अधिकारी जेएस रावत, सीपीएस रावत, डॉ. जितेंद्र सिंह बुटोइया, डॉ. अनिल कुमार, मनोहर लाल, देवेंद्र कुमार, कपिल कुमार, उमेश कुमार, बंटी कुमार, डीआर रवि, रेनू सिंह, भागेश्वरी देवी, गीता देवी, शिवलाल, रमेश चंद्र, आशा राम आदि मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उत्तराखंड में जिन तीन परियोजनाओं का शिलान्यास किया, उसमें डीएल रोड देहरादून में 3.4819 करोड़ की लागत से बहुउद्देशीय सभागार एवं पुस्तकालय का निर्माण, 6.5679 करोड़ की लागत से लखनवाला में बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण एवं डीएल रोड देहरादून में 5.0864 करोड़ की लागत से शैक्षिक एवं खेल सभागार का निर्माण शामिल हैं।

# आदर्श डिग्री कॉलेज में उद्यमिता विकास कार्यक्रम संपन्न

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय में बारह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रतिभागियों के शिविर के अनुभव साझा करने के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यार्थियों ने कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना के स्टार्टअप बूट कैंप तथा ई डी पी से उन्होंने संचार, विचार, व्यवसाय विचार के साथ परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की कला सीखी। कैंप के अनुभव उनके शैक्षिक और व्यावसायिक जीवन के लिए प्रेरक होंगे। युवा अपना लघु उद्यम शुरू कर सकेंगे। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा प्रारम्भिक प्रोजेक्ट प्रोफाइल भी जमा किये गए। समापन कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. राजीव रतन ने प्रशिक्षुओं के बारह दिन उद्यमिता विकास कार्यक्रम पूर्ण करने पर प्रतिभागी विद्यार्थियों एवं नोडल अधिकारी को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड की देवभूमि उद्यमिता योजना अपने लक्ष्य को पूर्णत: र्णत: प्राप्त करने में



सफल रही है। विद्यार्थियों के प्रत्येक कार्य में उद्यमिता, एंट्राप्रिन्यौर माइंडसेट दिखाई दे रहा है। इस योजना से उत्तराखंड का शैक्षिक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। उच्चशिक्षा के हितधारक इस योजना से दिल से जुड़ सके हैं और आर्थिक सामजिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। अनुभव जीवन को रास्ता दिखाते हैं, शिविर के उपरान्त शिविर के अनुभवों पर काम करना होगा, अनुभव और योजनाओं को लागू करने से ही सफलता को प्राप्त की जा सकेगी। विद्यार्थियों द्वारा कॉस्मेटिक स्टोर, प्ले स्कूल, ब्यूटी पार्लर, बेकरी आइटम, पशुचारा सप्लाई, डेयरी उत्पाद, फूलों की खेती आदि से संबंधित प्रोजेक्ट प्रोफाइल की सराहना की। देवभूमि उद्यमिता योजना के महाविद्यालय नोडल डॉ प्रकाश चंद भट्ट ने शिविरार्थियों द्वारा शिविर को अनुशासन के साथ पूर्ण करने पर खुशी जताई। बारह दिवसीय कैंप की आख्या प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ सलाहकार संजीव भटनागर, उद्यमी नेहा भटनागर, किरन जोशी, सुनील कुमार, डॉ. नरेश कुमार, डॉ उमराव सिंह, संगीता कुमारी, उदित जोशी, रमेश नौटियाल, राजेश ध्यानी, हेमा बिष्ट के प्रति आभार जताया। रोशनी, अनूप कुमार, जया, रिया, शाहनवाज, इमरान, शाहनूर, नीतू, जितेन्द्र तथा ज्योति कुमारी को बैस्ट कैंपर घोषित किया गया।

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने से ट्रेन की खिड़की का शीशा चटका

देहरादून। देहरादून से दिल्ली के लिए रवाना हुई वंदे भारत एक्सप्रेस पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। गनीमत रही पत्थर ट्रेन के अंदर नहीं गया नहीं तो यात्री घायल हो सकते थे। पूर्ण रूप से भारत में बनी इस ट्रेन को बीते साल 25 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन कार्यक्रम के जरिए हरी झंडी दिखाई थी। अत्याधुनिक सुविधाओं से भरपूर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार इस ट्रेन में उपद्रवियों ने पथराव किया है। रविवार को भी दून से दिल्ली के आनंद विहार के लिए रवाना हुई ट्रेन में गाजियाबाद के पास उपद्रवियों ने पथराव कर दिया।



## पेज एक का शेष...

**चुनावी बाण्ड पर ...** पढ़ते हुए सीजेआई ने कहा आवेदन में एसबीआई ने कहा है कि सभी जानकारी सील करके एसबीआई की मुंबई मुख्य शाखा भेज दी गई। मुख्य शाखा में भुगतान की पर्चियां भी भेजी गईं। यानी दोनों विवरण मुंबई में ही हैं। लेकिन, हमने जानकारी का मिलान करने का निर्देश नहीं दिया था। हम तो सिर्फ यह चाहते थे कि एसबीआई डोनर्स की स्पष्ट जानकारी दे। सीजेआई ने एसबीआई से पूछा कि वह फैसले का अनुपालन क्यों नहीं कर रहे हैं। जस्टिस खन्ना ने कहा कि सभी विवरण सीलबंद लिफाफे में हैं और आपको बस सीलबंद कवर खोलकर विवरण देना है। एसबीआई की तरफ से पेश हुए हरीश साल्वे ने कहा कि बॉन्ड खरीदने की तारीख के साथ बॉन्ड का नंबर और उसका विवरण भी देना होगा। इस पर सीजेआई ने पूछा कि जब फैसला 15 फरवरी को सुनाया गया था और आज 11 मार्च हो गया है। अब तक फैसले का अनुपालन क्यों नहीं किया गया? सुप्रीम कोर्ट सवाल पर साल्वे ने कहा कि हम पूरी सावधानी बरत रहे हैं। ताकि गलत जानकारी देने के लिए हम पर मुकदमा ना हो जाए। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि इसमें मुकदमे की क्या बात है। आपके पास सुप्रीम कोर्ट के आदेश हैं। बता दें इस मामले पर 5 जजों की बेंच सुनवाई कर रही है, जिसमें चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई,जस्टिसजेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं। पीठ ने एसबीआई के आवेदन को खारिज करते हुए कल तक विवरण का खुलासा करने को कहा और पैनल को 15 मार्च की शाम तक इसे अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करना चाहिए।

**पांचों सीटों पर होगी...**ही पर्यटक स्थलों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए कार्य किये जा रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप राज्य में देश विदोशों पर्यटकों व श्रद्धालुओं के आने की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। श्री निशंक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देवभूमि राज्य सभी पांचों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश प्रधानमंत्री बनाने में अपनी विशेष भूमिका निभायेगा। वार्ता के दौरान विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, लोक सभा चुनाव प्रभारी विवेक सक्सेना, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा चुनाव प्रचार प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ, डा. रणजीत सिंह गिल, अमित नारंग, वेद ठुकराल, अनिल चौहान, योंगेश वर्मा, ललित मिगलानी, सुशील गावा,हितेन्द्र त्रिपाठी, रोशन अरोरा, महिला मोर्चा की रश्मि रस्तोगी व फरजाना बेगम आदि मौजूद थे।

**पूर्व सीएम निशंक ने ...**कमल जिंदल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा का व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव होने वाला है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है और इस बार 400 पार का नारा सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि देश के लोग भाजपा से क्या अपेक्षा रखते हैं यह संवाद के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता इस संवाद के माध्यम से अपने जो भी विचार रखेगी उसे भाजपा अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। व्यापारी संवाद में वरिष्ठ व्यापारी नेता नरेन्द्र अरोरा जीएसटी पंजीकरण के दायरे को पूरे भारत में एक सामान करने की मांग करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश में 40 लाख तक का कारोबार करने वाला जीएसटी के दायरे में नही आता जबकि उत्तराखण्ड में यह सीमा 20 लाख है जिससे उत्तराखण्ड के व्यापारी को जीएसटी रिटर्न में नुकसान उठाना पड़ता है। वही व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि प्रत्येक व्यापारी जीएसटी अदा करता है और सरकार दुर्घटना बीमा पॉलिसी चलाती है उन्होंने कहा की सरकार इस बात का इंतजार करती है कि जब संबंधित व्यापारी दुर्घटना का शिकार होगा तभी बीमा उसे मिलेगा ।उन्होंने कहा कि इस योजना को सिर्फ बीमा किया जाए जिससे इसका लाभ सभी व्यापारियों को मिल सके ताकि उसके परिवार का भरण पोषण हो सके। उन्होंने व्यापारियों की पीड़ा जाहिर करते हुए कहा की विभिन्न विभाग के अधिकारी व्यापारियों के हर काम में दखलअंदाजी करते हैं और उन्हें दुधारू गाय समझते हैं ।ऐसे में व्यापारी स्वतंत्र होकर अपने कार्य नहीं कर पाता। उन्होंने कहा की अच्छा व्यापार चलाने के लिए एक स्वस्थ माहौल की आवश्यकता होनी चाहिए ।जिसमें अधिकारियों की दखलअंदाजी बिल्कुल ना हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद जिला व नगर स्तर पर समय-समय पर होना चाहिए ताकि शासन प्रशासन तक व्यापारियों की बात पहुंच सके। इस मौके पर अन्य व्यापारियों ने भी अपनी बात रखी। व्यापारी संवाद कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ,जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ नरेश ग्रोवर, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पंकज बांगा, व्यापार मण्डल के महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, सुशील गाबा,सुनील ठुकराल , अमित नारंग, नरेंद्र अरोड़ा ,किरण वर्क, घनश्याम अग्रवाल ,वेद ठुकराल ,सुरेंद्र मिड्ढा,पंकज गाबा, मोहित चड्ढा, मनोज मदान, नितेश कुमार सहित तमाम व्यापारी मौजूद

**बहन से मिलकर...**गल्ला मंडी मोड़ पर पहुंचा तभी पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक संख्या यूके 06 सीसी 1623 के अज्ञात चालक ने उसे रौंद दिया। जिससे आकाश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी व आकाश के परिजन वहां आ पहुंचे।

**पांच निर्धन कन्याओं....**जोड़े हिंदू रीति रिवाज से सात फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंध गये। बारातियों के लिए प्रीति भोज की भी व्यवस्था की गयी थी। संस्था के सौरभ मित्तल ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा पिछले 4 वर्षों की भांति इस बार पांचवें वर्ष भी पांच निर्धन कन्याओं का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया गया ।विवाह में संस्था द्वारा जरूरी सामान भी उपहार स्वरूप भेंट किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सौभाग्यवती भवः भाग 5 के रूप में मनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान विवाह में शामिल पांचों दूल्हों की नगर में बैंड बाजे के साथ धूमधाम से बारात भी निकाली गई। कार्यक्रम आयोजको सभी का आभार जताते हुए कहा की संस्था द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**महिला से दुष्कर्म...**पर धमकी देने लगा। मुश्किल से उसकी चंगुल से निकल कर आई। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी सतनाम सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सुल्तानपुर पट्टी में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद

## सरकार के राजस्व को भारी नुकसान, माफिया मालामाल






बाजपुर/सुल्तानपुर पट्टी(उद संवाददाता)। प्रदेश की धामी सरकार जहां एक ओर सुशासन का दावा करते हुए उत्तराखंड राज्य को विकसित राज्य बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है तो वहीं दूसरी ओर जनपद उधम सिंह नगर के बाजपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन का गैर कानूनी कारोबार प्रशासन की लाख कोशिशें के बाद भी बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य की सीमा से सटे सुल्तानपुर पट्टी में कानून व्यवस्था पूरी तरह पटरी से नीचे है। यहां पुलिस की आंख के सामने प्रतिदिन सैकड़ो अवैध खनन से भरे डंपर एवं ट्रैक्टर ट्रालियां सड़कों पर फर्राटा भरते हुए राज्य की सीमा पार कर यूपी में प्रवेश कर रही है। माना जा रहा है कि अवैध खनन के गैर कानूनी खेल में राजस्व के अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस का महत्वपूर्ण रोल है। अवैध खनन से सरकार के राजस्व को प्रतिमाह लाखों का चूना लग रहा है। बताया जा रहा है कि यूपी से आकर खनन कारोबारी खेतों में बिना रॉयल्टी के दिन रात खनन कर रहे हैं। पता चला है कि उनके पास जो वाहन है उनके ई रवन्ना पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं है। अवैध खनन को लेकर यहां माफियाओं के हौसले इस तरह बुलंद है कि कभी वह होमगार्ड का दिनदहाड़े अपहरण कर लेते हैं तो कहीं ताबड़तोड़ फायरिंग के बीच खून खराबा और हत्याएं यहां आम बात हो गई है। अवैध खनन पर अंकुश न लगने के दुर्घटनाओं का ग्राफ काफी बढ़ चुका है। खनन भरे वाहनों की चपेट में आकर अकेले सुल्तानपुर पट्टी में अब तक तीन दर्जन से भी अधिक मौतें हो चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी तथा बन्नाखेड़ा चौकी में तैनात एस आई तथा पुलिसकर्मियों को अवैध खनन में लिप्त पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था लेकिन पुलिस कर्मियों का रवैया आज भी नहीं बदला। वह मित्रता सेवा सुरक्षा के नाम पर खनन माफियाओं को खुलेआम संरक्षण देते हुए सुविधा शुल्क वसूल कर रहे हैं। पुलिस की कार्यशैली से लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा होने लगी है वहीं दूसरी ओर अपराधिक घटनाओं में भी तेजी से इजाफा होते देखा जा रहा है।

## राज्य की सीमा पर सुरक्षा को लेकर खड़े हुए सवाल

काशीपुर। सुरक्षा के लिहाज से राज्य की सीमा पर स्थापित पुलिस चौकियों पर चेकिंग के नाम पर वाहनों से अवैध उगाही की सूचना है। आईटीआई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पैगा चौकी मे तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा मुस्तैदी के नाम पर नशा कारोबारियों से सुविधा शुल्क वसूल किए जाने की सूचना है। इस पुलिस चौकी के सामने से प्रतिदिन सुबह सवेरे राज्य की सीमा पार कर दर्जनों ईंटों से भरे ट्रक तथा ट्रैक्टर ट्रॉलियां उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश करती हैं। इसी तरह चौकी क्षेत्र के कुछ गांव ऐसे हैं जहां अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार पुलिस की कृपा पर कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। ऐसे ही कुंडा थाना क्षेत्र की सूर्या पुलिस चौकी एवं शिवराजपुर पट्टी पुलिस चौकी में वाहनों से अवैध वसूली के अलावा नशे के गैर कानूनी कारोबार को भी नोटों के दम पर संरक्षण देने की सूचना है।

## बन्नाखेड़ा में नौ घाटों पर चल रही पोकलैंड व जेसीबी मशीनें

काशीपुर। कोतवाली बाजपुर की बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी भी अवैध खनन के मामले में पूरी तरह बदनाम है। यहां कोसी नदी के नौ घाटों पर जेसीबी तथा पोकलैंड मशीनों से अवैध खनन का बड़े पैमाने पर खेल खेला जा रहा है। कई बार पुलिस ऑफिसर की तैनाती की जाती है लेकिन खनन माफिया वर्दी पर भारी पड़ जाते हैं। ऐसे ही जोगीपुरा क्षेत्र में भी अवैध खनन का बड़ा कारोबार चल रहा है। इस चौकी क्षेत्र का अधिकांश इलाका वन क्षेत्र में है। दर्जनों बार खनन माफियाओं ने बनकर्मियों को पीट लिया है।

## शास्त्री नगर और दुर्गा कालोनी में चार सड़कों का निर्माण शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नं. 12 शास्त्री कालोनी एवं दुर्गा कालोनी में नगर निगम की ओर से स्वीकृत चार सड़कों के निर्माण का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने वार्ड की ही छोटी कन्याओं और बुजुर्गों के साथ नारियल फोडकर शुभारम्भ किया। इस दौरान वार्डवासियों ने सड़कों का निर्माण कराने पर रामपाल सिंह का जोरदार स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराये जा रहे हैं। पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने जनता की हर उम्मीद पर खरा उतरने की कोशिश की है, उनके कार्यकाल में स्वीकृत कई निर्माण कार्य वर्तमान में जारी है। आचार संहिता लागू होने से पहले कई नये काम शुरू करा दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का सबका साथ सबका विकास का नारा आज धरातल पर नजर आ रहा है। डबल



इंजन की सरकार में रूद्रपुर नगर निगम ने विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। विकास का यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कार्यों को देखते हुए आज कांग्रेस के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आगामी लोकसभा और निकाय चुनाव में कांग्रेस का सफाया तय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव रहा है जिसका लाभ आज पूरे प्रदेश को मिल रहा है। धामी सरकार ने ऐतिहासिक फैसले लेकर उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही है। जिसके चलते आज प्रदेश की जनता पुनः केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधनमंत्री के रूप में देखना चाहती है। रामपाल सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की पांचों सीटें जीतकर हैट्रिक बनायेगी। उन्होंने वार्डवासियों से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान का आहवान भी किया। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि भुवन गुप्ता, डा. राकेश सिंह, विधान राय, सचिन बत्रा, मुकेश चौहान, विजय, कल्लू, सोमपाल, मदन कुमार, समर, अमर सिंह, सुधीन्द्र आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रदेश महासचिव अजय जायसवाल भाजपा में शामिल हो सकते हैं शामिल

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं सितारगंज विधानसभा से पिछला चुनाव लड़ चुके अजय जायसवाल ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को भेजे त्यागपत्र में अजय जायसवाल ने बताया कि आप की कार्यप्रणाली के साथ चलने में स्वयं को असहज महसूस कर रहे हैं। इसी कारण उत्तराखंड प्रदेश महासचिव का पद एवं पार्टी की सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं। अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जायसवाल ने बताया कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल को त्यागपत्र भेज दिया है। किसी अन्य पार्टी में शामिल होने को लेकर कहा, शीघ्र ही कोई निर्णय लूंगा। अजय जायसवाल आप से सितारगंज विधानसभा का पिछला



चुनाव लड़ चुके हैं। जिसमें वह 12 हजार पांच सौ वोट लेकर तीसरे नंबर पर रहे। अजय जायसवाल नगर पंचायत शक्तिगढ़ के चेयरमैन तथा शक्तिफार्म व्यापार मंडल के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। शक्तिफार्म अजय जायसवाल आम आदमी पार्टी से त्यागपत्र देने के पश्चात भाजपा में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों की मानें तो अजय जायसवाल कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के नेतृत्व में, देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा का दामन थाम सकते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री निशंक का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार के सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के देर रात रुद्रपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। देर रात कार्यकर्ताओं द्वारा किये गए स्वागत से अभिभूत श्री निशंक ने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें जो प्यार दिया है,इसके लिए वह वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कुशलछेम पूछी और उनसे मुलाकात की। श्री निशंक ने कहा कि आज कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है,कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही 400 से अधिक सीटे जीतकर भाजपा पुन केंद्र में सरकार बनाएगी। स्वागत् करने वालो मे वरिष्ठ समाजसेवी रोहिताश बत्रा , वरिष्ठ भाजपा नेता वेद ठुकराल, सभासद राम कृष्ण कोली आदि मौजूद थे।



## महाविद्यालय की इंटरशिप एग्जामिनेशन की तिथियां घोषित

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। केशव सूर्यमुखी कालेज ऑफ एजुकेशन के सचिव ने इंटरशिप एग्जामिनेशन की तिथियां घोषित कर दी गयी है। महाविद्यालय केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ एजुकेशन कुमाऊँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है। जिसमें वर्तमान समय में बी०एड० पाठ्यक्रम संचालित है। महाविद्यालय को शैक्षिक सत्र-2022-24 तृतीय सेमेस्टर के लिए विश्वविद्यालय द्वारा इंटरशिप एग्जामिनेशन फाईनल टीचिंग कराने का आदेश प्राप्त हुआ है। जिसके उपरान्त महाविद्यालय द्वारा 19 मार्च और 20 मार्च को फाईनल टीचिंग का आयोजन काशी कृष्ण नित्यानन्द इण्टर कॉलेज, रतनफार्म नं0 2, अरविन्द नगर, सितारगंज, जिला-ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड में किया गया है। समस्त छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं को समय से पूर्व प्रात: 7:30 बजे तक आने का अनुरोध किया है।

